

टाइटल कोड: RAJHIN27921

# मरूधर विशेष



वर्ष: 01 अंक: 02 हिन्दी प्रातः कालीन | जयपुर, गुरूवार, 4 अगस्त, 2022 | हिंदी दैनिक | पृष्ठ:4 | मूल्य: 2 रुपए

### लगातार दूसरे दिन ईडी का एक्शन: एक दिन पहले छापा मारा था

# नेशनल हेराल्ड केस, हेराल्ड बिल्डिंग में यंग इंडिया कंपनी का दफ्तर सील

**नई दिल्ली।**

नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार लगातार दूसरे दिन कार्रवाई की है। ईडी ने दिल्ली की हेराल्ड बिल्डिंग में स्थित यंग इंडिया कंपनी का ऑफिस सील कर दिया है। मनी लॉन्ड्रिंग केस में जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई की है। मंगलवार को ही ईडी की टीम ने सुबह से देर शाम तक नेशनल हेराल्ड के दिल्ली, मुंबई और कोलकाता समेत 16 ठिकानों पर छापे मारे थे। यह कार्रवाई सोनिया और राहुल से पूछताछ के बाद की गई थी। इस छापेमारी के खिलाफ नेशनल हेराल्ड दफ्तर के बाहर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारे भी लगाए। श्वष्ठ की कार्रवाई पर राहुल गांधी ने कहा था- कांग्रेस आप लोगों की है और आप कांग्रेस की ताकत हैं। हमें तानाशाह के हर फरमान से लड़ना है।



### नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया से 100 से ज्यादा सवाल हुए

नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी से 3 दिन में 12 घंटे सवाल हुए थे। 21 जुलाई को 3 घंटे, 26 जुलाई को 6 घंटे और 27 अगस्त को 3 घंटे ईडी ने पूछताछ की थी। इस दौरान उनसे 100 से ज्यादा सवाल किए गए। ईडी ने राहुल गांधी से भी जून में पांच दिनों में 50 घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की थी।

### ईडी ने सोनिया से यह सवाल पूछे थे

यंग इंडिया लिमिटेड संस्था किस क्षेत्र में काम करती है?
लेनदेन से जुड़ी कितनी बैठकें आपके आवास 10 जनपथ पर हुई?
लेनदेन के बारे में आपको क्या जानकारी है? इसके शेयर किस तरह बिके?

### जानिए नेशनल हेराल्ड केस क्या है?

नेशनल हेराल्ड केस का मामला सबसे पहले भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में उठाया था। अगस्त 2014 में ईडी ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया। केस में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस के ही मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडीज, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे को आरोपी बनाया गया था।

### राजस्थान के होटल कारोबारी के 37 ठिकानों पर रेड

# सुबह 6:30 बजे घर, होटल, ऑफिस, सिनेमा हॉल में इनकम टैक्स की जांच शुरू

**जयपुर।**

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने जयपुर और कोटा में ज्वैलरी, रियल एस्टेट, होटल, अस्पताल और कंस्ट्रक्शन में शामिल बड़े कारोबारी समूह के यहां रेड डाली है। आलोक कोटावाला और उनके करीबियों के यहां टीम ने जयपुर में 33 और कोटा में 4 ठिकानों पर कार्रवाई सुबह करीब साढ़े छह बजे शुरू की है। 200 से ज्यादा पुलिस, कर्मचारी और अधिकारी शामिल हैं। बड़े पैमाने पर काली कमाई के खुलासे की संभावना जताई जा रही है। अगले 2-3 दिनों तक यह कार्रवाई चल सकती है।

सूत्रों के मुताबिक, होटल कारोबारी आलोक कोटावाला की जयपुर के मालवीय नगर में रॉयल इंडिया ज्वैलरी मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड, मालवीय नगर में बन रहे होटल, उनके पार्टनर के हथरोई में होटल आशीष और एमआई रोड पर शोरूम यूनिक आर्ट्स, रामनिवास बाग के पास एक प्रतिष्ठान पर कार्रवाई चल रही है। कोटावाला मार्केट, त्रिपोलिया बाजार, क्रॉप्स मार्केट गार्डनिंग और



हॉर्टिकल्चर में काम करने वाली कंपनी- सेंट्रल ऑर्चिड्स प्राइवेट लिमिटेड, रेसीडेंस, ऑफिस और शोरूम्स समेत कई ठिकानों पर जांच की जा रही है। कोटा में भी देवाशीष सिटी, आकाश सिनेमा हॉल समेत ठिकानों पर कार्रवाई चल रही है।

### काली कमाई और टैक्स चोरी की सूचना पर एक्शन

आयकर अधिकारी दस्तावेज खंगालने में जुटे हैं। विभाग को काफी वक्त से सूचना मिल रही थी कि यह कारोबारी समूह और पार्टनर्स बड़ी टैक्स चोरी कर रहे हैं। काली कमाई का मोटा पैसा इकट्ठा कर कई बेनामी प्रॉपर्टी बनाई गई हैं। विभाग को लम्बे समय से कारोबारी समूह के यहां अघोषित आय और टैक्स चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। इस छापेमार कार्रवाई में काफी मात्रा में काली कमाई उजागर होने की सम्भावना है। कारोबारी के साथ ही परिवार के लोगों, मैनेजर्स, कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, इसके बाद लॉकर्स को भी खंगाला जाएगा।


### दो महीने पहले भी पड़ा था छापा

इससे पहले इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 1 जून 2022 को जयपुर में होटल और रियल एस्टेट से जुड़े कारोबारियों के 30 ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई कर 3 करोड़ की नकदी जब्त की थी। दो दर्जन से ज्यादा टीमों ने मानसरोवर इस्कॉन रोड पर हयात रीजेंसी के 4 पार्टनर्स पर छापे मारे थे। 22 मार्च 2022 को जयपुर में ही मालीराम पूरण मल रावत समूह के रवि रावत, अजय रावत, राम मोहन रावत और इनके सहयोगियों के जेएलएन मार्ग, जौहरी बाजार, एमआई रोड समेत कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। फरवरी 2022 के दूसरे सप्ताह में भी जयपुर में ज्वैलरी, जेम्स स्टोन और होटल कारोबारी जगदीश तांबी के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसमें 10 करोड़ की काली कमाई उजागर हुई। साथ ही, 2200 ग्राम सोना भी जब्त किया गया था।

### 45 करोड़ अघोषित संपत्ति का खुलासा

इससे एक सप्ताह पहले इनकम टैक्स ने पत्थर और खनन कारोबारी के ठिकानों पर छापे मारे थे। छापेमारी की कार्रवाई में करीब 45 करोड़ रुपए की अघोषित संपत्ति का खुलासा हुआ था। 23 नवंबर 2021 को एक ज्वेलरी फर्म के 50 ठिकानों पर छापेमारी में 500 करोड़ की बेनामी संपत्ति, 4 करोड़ रुपए कैश और 9 करोड़ की ज्वेलरी बरामद की थी। मौजूदा फायनेंशियल ईयर 2022-23 में कई बड़े कारोबारी समूहों पर इमकम टैक्स की छापेमार कार्रवाई हो सकती है। जानकारी के मुताबिक, एक दर्जन से ज्यादा कारोबारियों की लिस्ट विभाग ने तैयार की है। इनमें से 5 कारोबारियों के ठिकानों का वेरिफिकेशन भी विभाग की टीमें कर चुकी हैं।

## देश में आईएएस अफसरों के 1472 पद खाली बिहार में 37 प्रतिशत सीट वैकेंट; सेंट्रल डेप्यूटेशन पर आने वाले अफसरों की संख्या में कमी




**काम हो रहा प्रभावित**

| साल | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 |
|---|---|---|---|---|---|
| संख्या | 43 | 25 | 37 | 14 | 28 |

**नई दिल्ली।** देश में आईएएस अफसरों के 1472 पद खाली हैं। इनमें से 850 ऐसे हैं जिनकी आईएएस में UPSC के जरिए सीधी भर्ती होनी थी। वहीं, 622 ऐसे पद खाली हैं, जिन्हें राज्य सरकारों के तरफ प्रमोशन के आधार पर भरा जाना था। तय संख्या में अफसरों की नियुक्ति नहीं होने से लैटरल एंट्री और दूसरी सेवाओं के अफसरों से काम लिया जा रहा है। अफसरों की कमी से हर साल राज्यों से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर आने वाले अफसरों की संख्या में कमी आ रही है।

**आईएएस की राष्ट्रीय औसत 22 प्रतिशत-** आईएएस अधिकारियों की कमी का राष्ट्रीय औसत 22 फीसदी है। केंद्र सरकार जॉइंट सेक्रेटरी और अन्य सीनियर ऑफिसरों की कमी से लैटरल एंट्री कर जरूरत पूरी कर रहा है। बसवान कमेटी की सिफारिशों के आधार पर हर साल सीधी भर्ती से 180 से ज्यादा अफसर नियुक्त नहीं किए जा सकते। कमेटी का कहना है कि इससे ज्यादा संख्या बढ़ाई जाती है, तो उनकी गुणवत्ता से समझौता हो सकता है।

### बिहार में 359 में से 202 पद पर ही अफसर तैनात

बिहार में आईएएस के अधिकारियों के कुल स्वीकृत 359 पद है, जिसमें से 157 पद रिक्त हैं। यानी 37 प्रतिशत आईएएस अफसरों की कमी है। केवल 202 पदों पर ही अधिकारी कार्यरत हैं। खाली पदों के कारण एक दर्जन से अधिक आईएएस अधिकारियों को कई-कई विभागों की जिम्मेदारी दी गई है। अभी बिहार में कार्यरत 202 अधिकारियों में मुख्य सचिव स्तर के 11 आईएएस कार्यरत हैं।

### माउंट आबू में 5 इंच बारिश, झरने बहे

## राजस्थान में मानसून फिर एक्टिव; जयपुर समेत 12 जिलों में तेज बरसात

**जयपुर।** राजस्थान में एक बार फिर मानसून सक्रिय होने के साथ ही बारिश का दौर शुरू हो गया है। मंगलवार देर शाम से लेकर बुधवार सुबह तक राज्य के जयपुर, प्रतापगढ़, सिरोही, नागौर, सवाई माधोपुर समेत 12 जिलों में 2 से लेकर 5 इंच तक पानी बरसा। पिछले 24 घंटे के दौरान माउंट आबू में सबसे ज्यादा 5 इंच (134मीमी.) बरसात हुई। इसके बाद हिल स्टेशन की खूबसूरत वादियों में झरने बहने लगे। उधर, जयपुर में भी बीती रात से बुधवार अलसुबह तक अच्छी बारिश हुई। राजधानी के प्रताप नगर, सांगानेर, बस्सी, पावटा, चाकसू में 2 इंच(60स्रूस्र) तक पानी गिरा। इसी तरह दौसा में महुवा, बांदीकुई, चूरू में राजगढ़, रतनगढ़, भीलवाड़ा में मांडल, बारां में किशनगंज, बांसवाड़ा में जगपुरा और नागौर के डीडवाना में भी अच्छी बरसात हुई।



### आबू में अच्छी बरसात से बहने लगे झरने

दक्षिण राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के अरनोद में 4.5 इंच(118) बारिश हुई। सिरोही के माउंट आबू में बारिश के बाद यहां पहाड़ों से झरने बहने शुरू हो गए। यहां पहुंचे पर्यटकों ने बारिश का जमकर आनंद लिया। तेज बारिश के बाद नक्की झील का भी जलस्तर बढ़ गया।

**अब आगे क्या?-** जयपुर मौसम केंद्र ने आज जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, सवाईमाधोपुर, करौली, धौलपुर, टोंक, बूंदी, अजमेर, भीलवाड़ा, जिलों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई है।

### पंजाब पुलिस का कांस्टेबल बना करोड़पति

## 6 रुपए की लॉटरी पर निकला एक करोड़ रुपए कैश का इनाम, मां के कहने पर खरीदा टिकट

**लुधियाना।** पंजाब के फिरोजपुर में तैनात एक पुलिसवाले की 6 रुपए में किस्मत बदल गई। कुलदीप सिंह नामक इस कांस्टेबल ने 6 रुपये का लॉटरी टिकट खरीदा था जिस पर उसका 1 करोड़ रुपए कैश का इनाम निकल आया। बेहद सामान्य तरीके से गुजर-बसर करने वाले कुलदीप सिंह का परिवार और उसकी मां खुशी से फूले नहीं समा रहे। पंजाब पुलिस के कांस्टेबल कुलदीप सिंह मूलतः राजस्थान में श्रीगंगानगर के रहने वाले हैं। जॉब की वजह से वह राजस्थान से पंजाब आ गए। उनका पूरा परिवार लुधियाना में रहता है। परिवार में माता-पिता के अलावा उनकी पत्नी और 8 साल का एक बेटा है। कुलदीप सिंह की पोस्टिंग इस समय फिरोजपुर जिले में है।

## राजस्थान की 2 लाख गायों में खतरनाक लंपी इंफेक्शन

### अब तक 3125 गौवंश की मौत, गुजरात में हालात भयावह; बॉर्डर से सटे जिलों में अलर्ट

**जयपुर।** राजस्थान, गुजरात समेत 10 राज्यों में गाय-भैंस में जानलेवा लंपी वायरस का संक्रमण तेज हो गया है। राजस्थान में करीब 2 लाख गायें इससे संक्रमित हैं। सरकार के सर्वे में 3125 गौवंश की मौतें रिकॉर्ड हुई हैं। यहां जिन 11 जिलों में इंफेक्शन फैला है, उनमें 70 से 80 लाख कैटल हैं। बीमार मिले 78 से 80 हजार गौवंश का अब तक ट्रीटमेंट किया जा रहा है। उधर, गुजरात में लंपी संक्रमण को लेकर हालात भयावह हो चुके हैं। खासकर कच्छ और सौराष्ट्र अंचलों में बड़ी संख्या में गौवंश इसकी चपेट में हैं। राजस्थान सरकार ने प्रभावित जिलों में मेडिसिन खरीद के लिए 2 से 12 लाख रुपए तक का बजट दिया है। जिलों को पूरी पावर दी गई है।

अब जेनरिक के साथ ही ब्रांडेड दवाएं भी जिला स्तर पर ही खरीदी जा सकेंगी। जयपुर से बुधवार को जोधपुर के लिए मेडिसिन की खेप भी रवाना की जा रही है। डिवीज़नल हेडक्वार्टर ऑफिस- अजमेर, बीकानेर और जोधपुर को 8 लाख से 12 लाख रुपए और बाकी प्रभावित जिलों को 2 से 8 लाख रुपए का बजट दिया गया है। यह पहले से जारी इमरजेंसी बजट के अलावा फंड है। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने लंपी डिजीज को 15 दिन में कंट्रोल करने के निर्देश पशुपालन विभाग और जिला कलेक्टर्स को दिए हैं। 4 जिलों- बाड़मेर, जालोर, जोधपुर, सिरोही संक्रमण ज्यादा होने के कारण क्लोज मॉनिटरिंग की जा रही है।

## सरकार ने डेटा प्रोटेक्शन बिल वापस लिया

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र का आज 13वां दिन है। संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही एक बार फिर शुरू हो गई है। लोकसभा में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी (अमेंडमेंट) बिल 2022 पेश किया। इसके बाद विपक्षी सदस्यों ने महंगाई और अन्य मुद्दों को लेकर हंगाम शुरू कर दिया। इसके चलते सदन की कार्यवाही 4 बजे तक स्थगित कर दी गई। इसके बाद जब कार्यवाही शुरू हुई तो सेंट्रल यूनिवर्सिटी (अमेंडमेंट) बिल 2022 लोकसभा द्वारा पारित कर दिया गया।

## पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल वापस

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल वापस ले लिया। सरकार इसकी जगह साइबर स्पेस में पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन के लिए नया बिल लाएगी। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बिल वापस लेने का प्रस्ताव रखा, जो ध्वनि मत से पारित हो गया।

बिल लोकसभा में पेश होने के बाद विपक्ष ने इसके कई प्रावधानों का विरोध किया था। इसके बाद 11 दिसंबर 2019 को संयुक्त समिति के पास समीक्षा के लिए भेजा गया था। रिपोर्ट्स में आधिकारिक सूत्रों के हवाले से बताया गया कि समिति ने 81 बदलावों का सुझाव दिया था। इसके बाद सरकार ने बिल वापस लेने का फैसला किया।

**आगे क्या:** सरकार ने कहा कि कमेटी ने 81 बदलावों का प्रस्ताव दिया और 15 अलग सिफारिशें भी की हैं। हमने मौजूदा बिल को वापस लेने और नए बिल लाने पर विचार किया है।

# प्रदेश में फिर खतरनाक कोरोना, एक महीने में 20 की मौत

### लगातार तीसरे दिन 343 पॉजिटिव; जयपुर, जोधपुर में तेजी से फैल रहा

**जयपुर।**

राजस्थान में कोरोना का खतरा फिर बढ़ने लगा है। पिछले 48 घंटे में 5 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं, पिछले एक महीने की मौत का आंकड़ा 20 का रहा है। कोरोना पॉजिटिवों की संख्या भी बीते 33 दिनों में 6000 को पार कर गई है। तेजी से बढ़ रही पॉजिटिव संख्या सरकार के लिए परेशानी का कारण बन सकती है।


इसे देखते हुए हेल्थ मिनिस्टर परसादी लाल मीणा ने राज्य में सैंपलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। जयपुर, जोधपुर जैसे शहरों में जहां पॉजिटिविटी रेट तेजी से बढ़ी है वहां ज्यादा फोकस रहेगा।

### राजस्थान में 343 केस

राजस्थान में आज कोरोना के 343 केस आए हैं, हालांकि किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। जयपुर में सबसे ज्यादा 109 केस मिले है। ये तीसरा दिन है। जब जयपुर में लगातार 100 से ज्यादा केस आए हैं। अलवर में 35, दौसा 31, उदयपुर 27, जोधपुर 24, अजमेर, भीलवाड़ा में 14-14, राजसमंद में 12, जालौर 11, कोटा 10 केस है। राज्य में अब एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 2209 हो गई। जबकि झुंझुनूं, बूंदी और पाली ऐसे जिले है जहां अभी एक भी एक्टिव केस नहीं है।

### दो दिन में पांच मौत

मौसमी बीमारियों के मरीजों के साथ राजस्थान में कोरोना पॉजिटिव बढ़ रहे हैं। अगस्त के शुरुआती दो दिनों में प्रदेश में पांच लोगों की मौत कोरोना से हुई है। वहीं, 598 पॉजिटिव मिले हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में ये अब वापस धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। मंत्री ने सभी जिला सीएमएचओ को अपने-अपने यहां कोविड की सैंपलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा है कि- खांसी, जुकाम ,बुखार के मरीज कोविड टेस्ट जरूर करवाएं।




### जयपुर में सबसे ज्यादा कोरोना मरीज

राजस्थान में पिछले महीने जुलाई में 5837 मरीज कोविड पॉजिटिव मिले थे, जबकि 15 की डेथ हुई थी। ये संख्या पिछले 4 महीने में आए कोरोना पॉजिटिव केसों की संख्या में सबसे ज्यादा है। इसमें 1600 से ज्यादा केस तो केवल जयपुर में है। स्टेट में 50 साल या उससे ज्यादा ग्रुप के लोग पिछले दिनों ज्यादा संक्रमित हुए हैं। जयपुर में 39 फीसदी केस 50 साल या उससे ज्यादा एजग्रुप के लोगों की है। जयपुर के अलावा कोविड के केस जोधपुर, अजमेर, बीकानेर, उदयपुर, अलवर और सिरोही में भी कोविड के केस बढ़े हैं। यहां पिछले महीने जुलाई में 200 से लेकर 1 हजार तक केस आए हैं।

## आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव के चलते रेलवे सुरक्षा बल के बैंड द्वारा खेरली के रेलवे स्टेशन परिसर में बजाई देशभक्ति धुन

मरूधर विशेष

**खेरली। दिनेश लेखी।** कस्बे के रेलवे स्टेशन पर आज वार बुधवार को रेलवे सुरक्षा बल आगरा के नेतृत्व में आई बैंड टीम ने आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव के चलते देशभक्ति धुन बजाई ।जानकारी के अनुसार रेलवे सुरक्षा बल के एएसआई भगवान सिंह मीणा ने बताया कि अब आजादी का 75 वा अमृत महोत्सव चल रहा है जिसके चलते आगरा मंडल रेलवे पुलिस बल द्वारा रेलवे सुरक्षा बल के बैंड की 11 सदस्यीय टीम द्वारा देशभक्ति की धुन बजाते हुए लोगो को देशभक्ति करने का संदेश दिया। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक संजीव कुमार, आरपीएफ के कांस्टेबल अनंत राम, बनेसिंह , पवन राहुल, पंकज सहित अनेक लोग एवं रेलवे के कर्मचारी मौजूद रहे।




## बाबा मनीराम गौशाला चिरूनी का निरक्षण

मरूधर विशेष/ हवासिंह चौधरी

**मुंडावर।** जिला कलेक्टर व मुंडावर उपखण्ड अधिकारी पंकज बडगुजर के निर्देशानुसार बुधवार को बाबा मनीराम गौशाला चिरूनी का डाक्टर अनुराग ने निरक्षण किया । गोंवंश मे फैल रही बीमारी लम्पी स्किन डिजीज (गांठ दार त्वचा रोग) के बारे में बताया। यह रोग संक्रमण के कारण होता है। इस रोग के लक्ष्ण व रोकथाम के उपाय भी बताये। प्रशासन के निर्देशानुसार एक माह तक गौशाला में नया गौवंश नहीं लिया जायेगा। उसी गौवंश का लिया जायेगा जिसका प्रमाण पत्र डाक्टर द्वारा बना होगा। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि मूलचंद शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता अनिल शर्मा, रत्तीराम ,वीरेन्द्र सुमन ,सुरेश तिवाड़ी ,मोहर सिंह,सुरजभान ,चेतराम पंच,अशोक पंच,अजीत,महेन्द्र ,देवेन्द्र ,मनीष,रणधीर चन्दगी राम पूर्व सरपंच सहित कमेटी सदस्य उपस्थित रहे। यह जानकारी वीरेन्द्र सुमन ने दी।



## स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में तिरंगा रैली , जिला कलेक्टर अलवर होंगे मुख्य अतिथि

मरूधर विशेष/हवासिंह चौधरी

**अलवर।** 8 अगस्त 2022 शाम 4ः00 बजे विशाल तिरंगा रैली निकलेगी ज्योतिबा फूले राव सर्किल अलवर से। आजादी की अमृत महोत्सव एवं स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में 8 अगस्त 2022 सोमवार को दोपहर 4ः00 बजे ज्योतिबा राव फूले सर्किल अलवर से विशाल तिरंगा रैली निकाली जावेगी। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के जिला संयोजक ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अलवर डॉ जितेंद्र सोनी होंगे। डॉ जितेंद्र सोनी जी ने कहा कि तिरंगा झंडे के कार्यक्रम में आवश्यक रूप से आऊंगा। अमृत महोत्सव के उपलक्ष में भारत माता एवं क्रांतिकारियों शहीदों की झांकी एवं रैली निकाली जायेगी। रैली शहर के ज्योतिबा फूले सर्किल से निकालकर मुख्य बाजारों से होते हुए कंट्रोल रूम, घंटाघर, होप सर्कस ,चर्च रोड होते हुए मनी का वड़ ,शहीद स्मारक एवं चंद्रशेखर आजाद जी की प्रतिमा नेहरू गार्डन पर पुष्प अर्पित कर रैली का समापन किया जाएगा।विशाल तिरंगा रैली में सैकड़ों तिरंगे झंडे के साथ साथ क्रांतिकारी एवं शहीदों की झांकियां भी निकाली जावेगी। आमजन एवं अलवर वासियों से अपील है कि तिरंगा झंडा लेकर के रैली में आवश्यक रूप से सम्मिलित हो। इस दौरान सौरभ कालरा, रिकी टोगड़ा पंडित विवेकानंद शर्मा, राजेंद्र सिंह बंटी जिलाध्यक्ष अजय सोनी संरक्षक, अनिल शर्मा , अजय अरोड़ा, डीपी गुर्जर, सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह जानकारी ओम प्रकाश शर्मा जिला संयोजक जनसंख्या समाधान फाउंडेशन अलवर के द्वारा दी गई।

## राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल मालाखेड़ा में किया गया पौधारोपण

**मालाखेड़ा (सतीश कुमार चौधरी)।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल मालाखेड़ा में पौधारोपण किया गया प्रधानाचार्य अमरजीत सिंह ने बताया कि पर्यावरण के संरक्षण व सरकार की मुहिम का अनुसरण करते हुए विद्यालय परिसर में फूलदार फलदार छायादार पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया गया इस मौके पर अध्यापक नरेंद्र, रमेश, प्रहलाद, नवीन, बृजेश, छात्र अमन चौधरी, अंकित चौधरी, साहिल, बलराम, समीर, विजय, शौकीन सहित अन्य गणमान्य जन भी मौजूद रहे



## महाराजा सूरजमल चौक की स्थापना की गई

मरूधर विशेष

**मालाखेड़ा (सतीश कुमार चौधरी)।** समाजसेवी जीतराम चौधरी ने बताया कि मालाखेड़ा उपखंड क्षेत्र के निठारी गांव स्थित श्री क्षत्रिय जाट संघ निठारी के सदस्यों द्वारा महाराजा सूरजमल चौक की स्थापना की गई इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि विजेंद्र, पंचायत समिति सदस्य धर्मी चौधरी, मदनलाल, पुन्याराम, रामजस, मन्नू राम, मुकेश, महेश, राजेंद्र, कालूराम, वीरेंद्र, विनोद, समय सिंह व श्री क्षत्रिय जाट संघ के सदस्य सहित सैकड़ों ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।




## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना का दिया चैक

मरूधर विशेष/अराई/प्रकाश भागनानी

आकोडिया के एक व्यक्ति के आकस्मिक निधन पर बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा आकोडिया द्वारा उसके नोमिनी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख रुपये का चैक प्रदान किया। शाखा प्रबंधक हेमराज ने बताया कि आकोडिया निवासी गिरधारी लाल जाट पुत्र किशन लाल जाट ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बैंक में बीमा करवाया था और गिरधारी लाल का आकस्मिक हृदयाघात से निधन हो गया जिस पर नोमिनी पुत्र मोतीलाल को बीमा राशि का दो लाख रुपये का चैक दिया गया। प्रबंधक हेमराज ने इस दौरान कहा कि सभी आमजन को जागरूक रहकर अपना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत अपना बीमा अवश्य करवाना चाहिए क्योंकि इसमें बीमा करवाने का शुल्क बहुत ही कम होता है और हर व्यक्ति इस बीमा को करवा सकता है लेकिन जानकारी व जागरूकता के अभाव में लोग बीमा नहीं करवाते हैं और बीमा से वंचित रह जाते हैं। मोतीलाल को चैक देने के दौरान शाखा स्टाफ मोहित राजोरिया, रवि शर्मा, सीताराम कुमावत तथा कैलाश चन्द छीपा आदि उपस्थित थे



# प्रॉपर्टी डीलर से 20 लाख की फिरौती की रखी मांग,पुलिस को बताने पर दी परिवार सहित जान से मारने की धमकी

मरूधर विशेष/ हवासिंह चौधरी

**कोटकासिम।** फिरौती मांगने वाले अज्ञात बदमाशों ने मंगलवार को फोन पर कोटकासिम के पाटन अहीर गांव निवासी मनोज यादव को 20 लाख रुपए की फिरौती की मांग कर डाली साथ ही बदमाशों ने धमकी दी है कि 20 लाख रुपए नहीं देने पर उन्हें जान से मार दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर तुमने पुलिस को सूचना दी तो तुम्हारे परिवार को भी जान से खत्म कर देंगे। मनोज यादव को अलग-अलग तीन फोन नंबरो से धमकियां मिली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पाटन अहीर गांव निवासी युवक मनोज यादव मुंडावर क्षेत्र में प्रॉपर्टी सहित कंपनियों में टेंडर लेने का कार्य करते है। वह रोजाना पाटन अहीर से मुंडावर अपनी निजी गाड़ी से जाते हैं। मनोज यादव ने बताया कि मंगलवार शाम करीब 3 बजे उनके फोन पर किसी अज्ञात नंबर से एक फोन आता है और उनसे 20 लाख रूपए की फिरौती की मांग की जाती है।

पहले तो युवक ने इसको नजर अंदाज कर दिया लेकिन थोड़ी देर बाद ही किसी अन्य नंबर से उनको फिर फोन आया और फिर से 20 लाख रुपए फिरौती की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी।



### इस पर वह मुंडावर स्थित ऑफिस से अपने घर पाटन अहीर

के लिए रवाना हो गया। मनोज यादव मुंडावर से बीच रास्ते में ही पहुंचे थे कि करीब शाम 4ः30 बजे के आस पास उनके पास फिर फोन आया। जिसमें बदमाश उनकी लोकेशन बताते हुए धमकी देते हुए कहा कि तुम जहां पर हो वहीं खड़े हो जाओ और 20 लाख रुपए का तुरंत इंतजाम करो वरना घर पहुंचने से पहले ही तुम्हें जान से मार देंगे। बदमाशों ने मनोज यादव के बच्चों के नाम और स्कूल का नाम भी बताया जिससे मनोज यादव भयभीत हो गए और तुरंत ही गाड़ी को दौड़ाकर अपने घर पर पहुंच गए।

### पुलिस और पत्रकारों को फोन से कराया अवगत

करीब 5:30 बजे घर पहुंचते ही उन्होंने पूरे घटनाक्रम को कोटकासिम थाना अधिकारी महावीर सिंह शेखावत को फोन पर बताया, लेकिन थानाधिकारी छुट्टी पर होने की वजह से कार्यवाहक थानाधिकारी सुनीलाल को सूचना दी। जिन नंबरों से कॉल आया था वो नंबरों भी थाना अधिकारी को दिये। इसी बीच मनोज यादव ने भिवाड़ी एसपी शांतनु कुमार को भी फोन पर घटनाक्रम बताया। इधर कोटकासिम पुलिस ने बताया कि पीड़ित से नंबर लिए गए हैं एवं उनको ट्रेसिंग पर डाल दिया गया है। साथ ही फोन नंबर के मालिक का भी पता लगाया जा रहा है एड्रेस ट्रेस होते ही कार्रवाई शुरू की जाएगी।

# हर घर पर ध्वज लगाकर शहीदों को नमन करेः अरूण चतुर्वेदी

मरूधर विशेष/रमाकान्त शर्मा

**नीमराना** – भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के योजना के अनुसार जिला प्रवास पर आए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने जिला कार्यालय पर मंडल प्रभारी , जिला पदाधिकारी एवं मोर्चा के जिला अध्यक्षों की संयुक्त बैठक जिला अध्यक्ष बलवान सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित की। बैठक का शुभारंभ वंदे मातरम व भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके शहीदों को श्रद्धांजलि देकर किया । मुख्य वक्ता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने समीक्षा करते हुए बूथ समिति का पूर्ण होने पर सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए शीघ्र रूप से पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति का कार्य पूर्ण करने के दिशा निर्देश दिए । आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरँगा अभियान को पूर्णता सफल बनाने में हर कार्यकर्ता अभियान से जुड़ कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। शहीदो व स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए नमन करे क्योकि यह आजादी ऐसे ही नही मिली बल्कि अनगनित देशभक्तों ने कष्ट झेलते हुए मातृभूमि के लिए शहीद हुए। हमारे लिये गौरव की बात है हम अमृत महोत्सव के साक्षी बन रहे है । हम गौरवशाली है अमृत महोत्सव के अवसर पर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आदर्श लोकतंत्र की तरफ बढ़ रहे है ।अतः हमे हर घर पर तिरँगा फहरे इस हेतु योजना बनानी चाहिये। जिला संगठन प्रभारी मनीष पारीक ने आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत जानकारी दी एवं हर बूथ पर प्रवास करने के लिए पदाधिकारियों से निवेदन किया।

जिलाध्यक्ष बलवान सिंह यादव ने बैठक की प्रस्तावना एवं स्वागत संबोधन करते हुए जिले के कार्यो का व्रत रखा । जिला अध्यक्ष ने अभी तक बनाई रणनीति से अवगत कराते हुए कहा कि अलवर उत्तर ने 1 अगस्त से पखवाड़े के माध्यम से आमजन तक पहुंचने का अभियान चलाया है। जिसमें संत महात्माओं से आशीर्वाद लेकर सैनिकों का सम्मान,तिरँगा वाहन रैली,तिरंगा यात्रा,महापुरषो के सर्किलों की स्वछता अभियान के साथ ही प्रभात फेरियो के माध्यम से आमजन को जोड़ कर हर घर तक तिरँगा फहराने का प्रयास किया जा रहा है।

बैठक का संचालन जिला महामंत्री उमेद सिंह भाया ने किया। साथ ही दूसरी बैठक समन्वय समिति की संपन्न हुई । और तीसरी बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने हर विधानसभा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ चाय पर वार्ता की । बैठक में प्रदेश मंत्री महेंद्र यादव, पूर्व विधायक रामहेत यादव ,पूर्व विधायक मामन सिंह यादव, पूर्व यूआईटी चेयरमैन देवीसिंह शेखावत ,जिला महामंत्री संदीप दायमा ,जिला उपाध्यक्ष उमेश शर्मा ,शशिकांत बोहरा, शिवचरण यादव ,महा सिंह चौधरी, हर्ष यादव, सुरेंद्र शर्मा ,जिला उपाध्यक्ष पंडित वीरू भारद्वाज, जिला मंत्री डॉ नीलम यादव, शीला चौधरी, संजय शर्मा ,संतरा चौधरी, हेमंत यादव, जिला प्रवक्ता सुनील यादव ,कपिल वैध, जिलाध्यक्ष चित्रा शर्मा ,अभयसिंह बिधूरी, राजकुमार यादव ,जलेसिंह रावत एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## कृषि भूमि पर आवासीय कॉलोनी काटने की प्रक्रिया पर अंकुश लगाने की माँग

मरुधर विशेष/लक्ष्मण सिंह पंवार

**गंगानगर।** चंद्रशेखर फाउंडेशन बाबू प्रसिद्ध नारायण सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट राजस्थान प्रदेश सचिव चन्द्रसिंह राठौड़ तथा कृषि भूमि बचाओ संघर्ष समिति पदाधिकारियों के नेतृत्व में शिष्टमण्डल ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर कृषि भूमि पर आवासीय कॉलोनी काटने की प्रक्रिया पर अंकुश लगाने एवं दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने की माँग की है। चन्द्रसिंह राठौड़ ने कहा कि 4 एमएल से लेकर नेतेवाला बाईपास तक श्रीनाथ इन्कलेव व 4 एमएल के साथ 25 बीघा कृषि भूमि पर आवासीय कॉलोनियां काटी जा रही है, जिसमें पटवारी एवं गिरदावर की भूमिका भी संदिग्ध है। धारा-1955 काश्तकारी अधिनियम के अनुसार भूमि सेम होनी चाहिए या उपजाऊ नहीं होनी चाहिए, उस भूमि पर ही प्लॉट काटे जा सकते हैं। लेकिन उपजाऊ कृषि भूमि, जिस पर फसलों का उत्पादन होता है, उस पर आवासीय प्लॉट कॉटने पर प्रतिबंध होने के बावजूद धड़ल्ले से उपजाऊ कृषि भूमि पर आवासीय कॉलोनियां काटी जा रही है, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। इससे खेती व मजदूरी पर रोटी-रोटी का संकट उत्पन्न होने के साथ-साथ पर्यावरण को भी भारी नुकसान हो रहा है। चन्द्रसिंह राठौड़ ने पुरजोर शब्दो में माँग की है कि कृषि भूमि पर काटी जा रही आवासीय कॉलोनियों के कॉलोनाईजरों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए, कृषि भूमि पर आवासीय प्लॉट काटने की कार्यवाही पर अंकुश लगाया जाए तथा अवैध कॉलोनियों पर प्रतिबंध लगाते हुए रिसीवर नियुक्त किया जाए। अन्यथा संगठन द्वारा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेवारी जिला प्रशासन की होगी। इस अवसर पर चंद्रशेखर फाउंडेशन बाबू प्रसिद्ध नारायण सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट राजस्थान प्रदेश सचिव चन्द्रसिंह राठौड़ कृषि भूमि बचाओ संघर्ष समिति जिलाध्यक्ष रामवीर सिंह, जिला सचिव अजीत चौधरी, अभय सिंह, महावीर सियाग आदि उपस्थित थे।



## 12 घंटे में मर्डर की वारदात का किया खुलासा, पुलिस थाना प्रताप नगर, जयपुर पूर्व की कार्यवाही, अभियुक्त रोहित धोबी गिरफ्तार

मरूधर विशेष /क्राइम रिपोर्ट/महावीर सिंह चौहान

डीसीपी पूर्व राजीव पचार ने बताया कि सेक्टर 26 प्रताप नगर जयपुर में फायरिंग कर किए गए मर्डर की वारदात पर पुलिस थाना प्रताप नगर ने एफ आई आर दर्ज कर उक्त वारदात को अंजाम देने वाले मुलजिमानों की धरपकड़ हेतु एवं घटना की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम गठित की गई। दिनांक 2 अगस्त को परिवादी भरत लाल मीणा ने प्रताप नगर जयपुर थाने में रिपोर्ट दी कि मैं जगमोहन, राजमोहन और गोलू योगी उपरोक्त मकान में किराए से रहते हैं तथा हमारे साथ दो लोग यूपी के भी रहते हैं रिंकू मीणा 10ः00 बजे रूम पर रुकने के लिए आया । रिंकू ने कहा कि मैं खाना खाऊंगा गोलू उसके लिए खाना बनाने लगा 12ः00 बजे अजय का फोन आया तो रिंकू अपने को 26 सेक्टर में होना बताया। अजय के साथ रोहित बॉबी भी आया।

रिंकू और रोहित अलग कमरे में थे तभी गोली की आवाज आई और रिंकू दौड़ता हुआ बाहर आ गया और गिर गया ।रोहित धोबी के हाथ में पिस्टल थी जिसको लेकर वह भाग गया। दौराने अनुसंधान घटनास्थल की कार्यवाही की गई डेड बॉडी का पोस्टमार्टम कराया गया ।

थानाधिकारी भजनलाल पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में तुरंत टीम गठित कर रोहित धोबी की तलाशी के लिए रवाना कर दी। मुखबीरान से गोपनीय रूप से जानकारी प्राप्त कर तकनीकी आधार पर रोहित धोबी को ट्रेस आउट कर गिरफ्तार कर लिया। इस उक्त संपूर्ण कार्यवाही में कांस्टेबल शंकरलाल और बजरंग लाल की भूमिका अहम रही।


डीसीपी पूर्व राजीव पचार

### पिस्टल देखने के दौरान चली गोली,हुई मौत

## प्रताप नगर सेक्टर 26 में देर रात 1बजे की घटना,उपचार के दौरान रिंकू मीणा की हुई मौत

**जयपुर।** प्रताप नगर थाना ईलाके के सेक्टर 26 में एक युवक को गोली लगने से उसकी मौत हो गई। घटना देर रात 1 बजे की बताई जा रही हैं। मलारना डूंगर निवासी रिंकू मीणा अपने दोस्त शिवाड निवासी रोहित के साथ कमरे में था। इस दौरान पिस्टल चलने से गोली रिंकू मीणा के पेट में लग गई। घायल रिंकू मीणा को मकान मालिक और अन्य युवकों ने जीवन रेखा अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान रिंकू मीणा की मौत हो गई। अब तक की जांच में सामने आया है कि रोहित जो की सेक्टर 18 में रहता था। वह रिंकू मीणा से मिलने के लिए उसके कमरे पर आया हुआ था। रात 1बजे दोनों दोस्त बात कर रहे थे इस दौरान रोहित ने रिंकू के पास रखी हुई पिस्टल को देखा और उसे छेड़ने लगा। इस दौरान पिस्टल में गोली फंस गई जिसे निकालने के दौरान एकाएक गोली चली जो रिंकू मीणा के लग गई। कमरे से गोली चलने की आवाज आने पर मकान मालिक और अन्य लोग कमरे में पहुंचे। जहां पर रिंकू मीणा लहूलुहान हालत में गिरा पड़ा था। जिसे आसपास के युवकों की मदद से जीवन रेखा अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान रिंकू ने बताया कि रोहित पिस्टल देख रहा था जिससे गोली चल गई। उपचार के दौरान रिंकू मीणा की मौत हो गई हैं। वहीं घटना के बाद से रोहित फरार है। पुलिस ने दो युवकों को डिटेन किया हुआ है जिन से पूछताछ चल रही हैं।

जयपुर में हथियार का प्रचलन दिनों दिन बढ रहा हैं। युवक हथियार का उपचार डराने के लिए करने लगे हैं। प्रताप नगर और जगतपुरा ईलाके में कई बार पुलिस को सूचना मिली है कि यहां पर युवक अवैध हथियार रख कर बदमाशी करते हैं। लेकिन उसके बाद भी पुलिस रिकवरी करने में कामयाब नहीं होती। 5से 6हजार रुपए में ये युवक भरतपुर या एमपी से हथियार मंगवा लेते हैं। अधिकांश युवक पढाई के लिए जयपुर का रुख तो करते हैं लेकिन गलत संगत में आने और पैसे की चाह के चलते वह बदमाशी का रास्ता पसंद कर रहे हैं।

## प्राकृतिक छटाओं के बीच बसे देवों के देव महादेव का रमणीय दरबार मालेश्वर नाथ अपनी मनोरम झांकी से श्रृद्धालुओं का मन मोह रहा हैं

मरूधर विशेष/पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा/महार कलां

जयपुर जिले के ग्राम महार कलां में एक ऐसा देव स्थान जो सावन मास में रोजाना मनोरम झांकी से श्रृद्धालुओं का मन मोह रहा हैं । महार कलां गांव की अरावली पहाड़ीयो की तलहटी में मालेश्वर नाथ महादेव का मंदिर स्थित हैं । जहां सावन मास में मंदिर के पुजारी महेश व्यास द्वारा बिल्व, आक, धतूरा और रंग बिरंगे फूलों से बाबा मालेश्वर नाथ का श्रृंगार किया जाता हैं । गौरतलब हैं कि इस रमणीय देव स्थान की जितनी प्रशंसा की जाये उतनी कम हैं । कहा गया हैं कि दरबार तेरा दरबारों में खास अहमियत रखता हैं जो जैसी नियत रखता हैं वो वैसा ही फल पाता हैं । क्योंकि पूरे भारत में इस मंदिर की अलग ही पहचान हैं जिस प्रकार सूर्य की दिशा में हर छह माह में बदलाव होता हैं उसी हिसाब से मालेश्वर नाथ का शिवलिंग भी झुक जाता हैं । सावन मास के पहले दिन से ही हजारों की संख्या मे यहाँ श्रृद्धालु पहुंच रहे हैं और शिवलिंग पर जलाभिषेक कर आशिर्वाद प्राप्त करते हैं । मनमोहक शिवलिंग की नित्य पूजा अर्चना कर झांकी सजाई जाती हैं जिसके दर्शन के लिए भक्त जन कतार बनाकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं । यह स्थान आज पूरे देश में प्रसिद्ध हो चुका हैं । मंदिर की झांकीओं की तस्वीरें देश विदेशों में सोशल मीडिया के जरिए जमकर वायरल हो रही हैं।

## गांव खोहरा से गोवर्धन के लिए जा रही पैदल यात्रा के पदयात्री को एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार किया घायल

मरूधर विशेष

**खेरली। दिनेश लेखी।** कस्बे के समीपवर्ती गांव खोहरा से गोवर्धन के लिए जा रही पैदल यात्रा के पदयात्री को एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार कर घायल कर दिया जानकारी के अनुसार खोहरा से गोवर्धन के लिए पदयात्रा जा रही थी एक ट्रैक्टर ने पीछे से किशनलाल पुत्र लक्ष्मण उम्र 65 साल जाति मीना निवासी किशोरपुर थाना मंडावर जिला दौसा को टक्कर मार दी । जिसे खेरली के रेफरल अस्पताल में लाया गया जहां उसका चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार करवाकर मेडिकल करवाया गया वही पदयात्रियों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया लेकिन पुलिस की समझाइश के बाद दोनो पक्षों का समझौता करवा दिया गया ।



## मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम रामकिशोर मीणा को ब्लॉक एवं ग्राम संसाधन व्यक्ति द्वारा सौंपा ज्ञापन

मरूधर विशेष

**कठूमर। दिनेश लेखी।** उपखंड मुख्यालय पर बुधवार को ब्लॉक एवं ग्राम संसाधन व्यक्ति के द्वारा राजस्थान सरकार के नाम जरिए एसडीएम रामकिशोर मीणा को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि ब्लॉक एवं ग्राम संसाधन व्यक्ति विगत करीब आठ 10 वर्षो से महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना का सामाजिक अंकेक्षण का कार्य प्रशिक्षण प्राप्त कर जिले की समस्त ग्राम पंचायतों पर करते आ रहे हैं। वही पंचायती राज विभाग द्वारा आदेश जारी कर ग्राम पंचायतों में होने वाले मनरेगा व अन्य कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण कार्य एनजीओ द्वारा करवाने के आदेश जारी किए गए हैं । जबकि ब्लॉक एवं ग्राम संसाधन व्यक्ति गत समय से अल्प मानदेय पर सामाजिक अंकेक्षण का कार्य कर रहे हैं। जिससे इस बेरोजगारी के दौर में एक सहारा था राजस्थान सरकार द्वारा उक्त सामाजिक अंकेक्षण कार्य एनजीओ से करवाने पर राजस्थान के करीब 25000 ब्लॉक व ग्राम संसाधन व्यक्ति बेरोजगार हो रहे हैं। इस मौके पर ब्लॉक संसाधन व्यक्ति जगदीश शर्मा मसारी, हरीश जांगिड़, ग्राम संसाधन व्यक्ति रुचि रानी आदि मौजूद रहे।



## अस्पताल में स्टाफ की कमी को लेकर हुई तालाबंदी

मरूधर विशेष/अराई प्रकाश भागनानी

बोराडा के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ की कमी को लेकर ग्रामीणों ने अस्पताल के मुख्य दरवाजे पर ताला लगा दिया ग्रामीण ने बताया कि अस्पताल में तीन डॉक्टरों सहित आठ नर्सिंग कर्मी, दो एएनएम तथा एल एच वी, फार्मासिस्ट और लैब टेक्नीशियन के एक एक एक पद रिक्त है। अस्पताल में स्टाफ की कमी के चलते मरीजों को परेशानी का सामना करना पड रहा है नसीराबाद या सरवाड केकडी जाना पड़ता है। जिससे गुस्साये ग्रामीणों ने अस्पताल पर ताला लगा दिया। तालाबंदी की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार रूपनारायण यादव, सरपंच भोजराज गुर्जर व बोराडा पुलिस थाने का जाब्ता मौके पर पहुँच गया तथा नायब तहसीलदार रूपनारायण यादव व सरपंच भोजराज गुर्जर ने जल्दी स्टाफ लगाने का आश्वासन दिया जिस पर ग्रामीणों ने तालाबंदी खोली



## तोषनीवाल चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा शिक्षण सामग्री व र्थिक सहायता की भेंट

मरूधर विशेष/अराई, अजमेर/प्रकाश भागनानी

तोषनीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी रोहित तोषनीवाल द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कटसूरा के जरूरतमंद एवं निर्धन विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता दी गई। विद्यालय में आयोजित समारोह में तोषनीवाल द्वारा लगभग 30 विद्यार्थियों को नगद और अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण किया गया ,साथ ही 15 विद्यार्थियों की बोर्ड फीस भी उनके द्वारा छात्रों को प्रदान की गई ।प्रभारी अध्यापक दिनेश विजयवर्गीय ने बताया कि तोषनीवाल ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। रोहित तोषनीवाल ने कहा कि सभी बच्चे अच्छी मेहनत करें अच्छे नंबर लाएंगे तो अगले साल सभी को यूनिफार्म, बैग ,शूज इत्यादि अन्य सामग्री भी ट्रस्ट के द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी और अच्छा प्रदर्शन करते रहने पर कक्षा 12 तक यह सहायता मिलती रहेगी कार्यक्रम का संचालन कमलेश वैष्णव द्वारा किया गया एवं प्रधानाचार्य अनुज कुमार शर्मा ने ट्रस्ट का धन्यवाद दिया और आगे भी इसी प्रकार विद्यालय को सहयोग प्रदान करते रहने के लिए की आशा व्यक्त की।



## बानसूर एसडीएम ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया

मरूधर विशेष/रमाकान्त शर्मा

बानसूर एसडीएम राहुल सैनी ने आज ब्लॉक के सभी विभागों के अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें एसडीएम ने अधिकारियों से साप्ताहिक रिपोर्ट की जानकारी ली। एसडीएम ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस की आवश्यक तैयारियों के संबंध में और हर घर तिरंगा अभियान को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया गया। वही बानसूर में चल रहे हरित बानसूर अभियान को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान बानसूर तहसीलदार जगदीश बैरवा, विकास अधिकारी रामजी लाल मीणा, एसीबीओ मनोज सिंह शेखावत सहित ब्लॉक स्तर के सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



# आवारा कुत्तों के झुंड ने गोवंश पर किया हमला

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

बानसूर उपखंड की निकटवर्ती ढ़ाणी बुराला में सायंकाल आवारा कुत्तों के झुड़ ने गोवंश पर हमला कर दिया। स्थानीय युवाओं ने बीच बचाव करते हुए कुत्तों के झुड़ से गोवंश को बचाया । कुत्तों ने गोवंश को कई जगह से काट लिया जिससे गोवंश घायल व लहूलुहान हो गया। स्थानीय युवाओं द्वारा पशु चिकित्सक से गोवंश का प्राथमिक इलाज करवाया गया। रिपोर्टर अमित यादव ने बताया कि बानसूर की ढाणी बूराला में शाम को आम रास्ते मे विचरण कर रहे गोवंश पर अचानक कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे गोवंश घायल व लहूलुहान हो गया। युवाओ द्वारा गोवंश की देखभाल का कार्य किया जा रहा है।इस मौके पर रिपोर्टर अमित यादव, महेश यादव ,सतवीर यादव, रामस्वरूप मीणा, राजवीर यादव ,प्रवीण यादव सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



## लम्पी स्किन डिजीज को लेकर प्रशासन एवँ पशु पालन विभाग मुस्तैद.. डॉ जितेंद्र सोनी

मरुधर हिन्द /दीक्षित कुमार

**अलवर।** प्रदेश में लम्पी स्किन डिजीज के रोग प्रकोप को देखते हुए जिला कलेक्टर डॉ जितेंद्र सोनी के निर्देश अनुसार आज जिले की समस्त गौशालाओं का सघन निरीक्षण किया गया, संयुक्त निदेशक पशु पालन विभाग डॉ रमेश चंद मीना ने बताया कि जिले में अभी तक किसी भी पशु में इस रोग की पुष्टि नहीं हुई है, सम्भावित रोग प्रकोप प्रकोप की स्तिथि पर नजर रखते हुए समस्त प्रशासन एवँ पशुपालन विभाग मुस्तैद है, पशुपालको एवँ स्थानीय प्रशासन से आग्रह है कि किसी भी रोग के कारण म्रत् पशुओं के शव को वैज्ञानिक विधि यथा गड्ढा खुदवाकार चूना एवँ नमक के साथ दफ़नाने का श्रम करे द्य ताकि किसी भी रोग संक्रमण को नियंत्रित करने में मदद मिल सके द्य पशु पालकों को उनके पशुओं में किसी भी बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सा संस्था से संपर्क कर उपचार करवाने की सलाह दी जाती है।

# हर घर झंडा तिरंगा रैली का किया आयोजन



मरूधर विशेष/महावीर सिंह

जयपुर जिले के आमेर में सीआईएसफ 8वीं आरक्षित वाहिनी आमेर जयपुर में भारत सरकार के निर्देशानुसार हर घर झंडा प्रोग्राम के तहत वाहिनी के कमांडेंट श्री आशीष कुमार के नेतृत्व मे उप कमांडेंट श्री विजय कुमार और वाहिनी के अधिकारियों और जवानों व महिला बल सदस्यों द्वारा गांव गांव जाकर लोगों को जागरूक किया कि हर घर पर झंडा लगाना चाहिए इस दौरान सभी को जागरूक और प्रेरित किया जिसमें वाहिनी से नारद पूरा और कुंडा गांव तक एक रैली के माध्यम से लोगो को हर घर झंडा लगाने के लिए बताया इस मौके पर ग्रामीणों ने भी बड़े हरसोल्लास से रेली का स्वागत सम्मान किया।

## फर्जी फर्म बनाकर लाखों की ठगी, आरोपी गिरफ्तारःउत्तरप्रदेश में भी हत्या लूट और ठगी के कई मामले दर्ज

**चौमूं।** कालाडेरा थाना पुलिस ने फर्जी फर्म बनाकर लाखों रुपए की ठगी करने वाले एक आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर उत्तर प्रदेश में हत्या, लूट और ठगी के करीब दर्जनों मामले दर्ज हैं। कालाडेरा थाना प्रभारी हरबेन्द्र सिंह ने बताया कि परिवादी जितेंद्र सैनी निवासी तिरुपति उद्योग विहार रीको एरिया ने कालाडेरा पुलिस थाने में 7 मई 2022 को एक केस दर्ज करवाया था। रिपोर्ट में बताया कि अमित शर्मा नाम के व्यक्ति ने भारती इंडस्ट्रीज उमा भारती के नाम से संचालित कर रखी है। उसने एक फैक्ट्री से लकड़ी के फंटे, साउन टिंबर खरीदे, लेकिन भुगतान नहीं किया। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया और मोबाइल नंबर की सीडीआर प्राप्त कर मामले की जांच की गई।

आरोपी अपना नाम अमित शर्मा बताकर किसी अन्य व्यक्ति की आईडी से फर्जी इंडस्ट्रीज प्रोपराइटर बनाकर इंडस्ट्रीज की दूसरी फैक्ट्रियों के मैनेजरों को झांसे में लेकर धोखाधड़ी पूर्वक उनसे माल प्राप्त करता है और रुपयों का भुगतान नहीं कर ठगी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाता है। पुलिस ने आरोपी मोहम्मद दानिश अंसारी (26) पुत्र शौकत अली अंसारी निवासी बड़ी मस्जिद लालपुर कला जिला रामपुर उत्तरप्रदेश को रामपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ उत्तरप्रदेश में हत्या, लूट और ठगी की करीब एक दर्जन से ज्यादा वारदातों को अंजाम दे चुका है। अब तक लोगों से आरोपी लाखों रुपए की ठगी कर चुका है।

# गृहमंत्री अमित शाह का बड़ा बयान, कोविड टीकाकरण खत्म होते ही लागू होगा सीएए

नई दिल्ली। (एजेंसी)।




पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता शुभेन्दु अधिकारी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को जल्द से जल्द लागू करने का आग्रह किया। इस पर शाह ने उन्हें आश्वासन दिया कि इसके बारे में नियम कोविड-19 रोधी टीके की एहतियाती खुराक देने की कवायद पूरी होने के बाद तैयार किए जाएंगे। सीएए के लिए नियम बनाए जाने से इसके कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त होगा। दिसंबर 2019 में संसद द्वारा पारित अधिनियम को नियम तैयार नहीं किए जाने के कारण अभी तक लागू नहीं किया गया है।

सरकार ने नियम तैयार न कर पाने के लिए महामारी के प्रकोप का हवाला दिया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता अधिकारी ने शाह से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लगभग 100 नेताओं की एक सूची भी सौंपी, जो कथित रूप से भर्ती घोटाले में शामिल थे, जिसमें राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया गया है। घोटाले में शामिल सभी लोगों को बेनकाब करने के लिए व्यापक जांच की मांग करते हुए अधिकारी ने केंद्रीय गृह मंत्री को विधायकों सहित कुछ टीएमसी नेताओं के लेटरहेड भी दिए, जिनका इस्तेमाल कथित तौर पर रिश्वत लेकर नौकरियों के लिए कुछ नामों की सिफारिश करने के वास्ते किया गया था। उन्होंने शाह से मुलाकात के बाद ट्वीट किया, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संसद में उनके कार्यालय में 45 मिनट तक मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैंने उन्हें बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार किस तरह शिक्षक भर्ती घोटाले जैसी भ्रष्ट गतिविधियों में पूरी तरह से डूबी है। उनसे सीएए को जल्द से जल्द लागू करने का भी अनुरोध किया।

अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि सीएए को लागू करना पश्चिम बंगाल के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जहां बड़ी संख्या में लोग इसके प्रावधानों से लाभान्वित हो सकते हैं। सीएए 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था और 24 घंटे के भीतर 12 दिसंबर को इसे अधिसूचित कर दिया गया था। हालांकि, इसका कार्यान्वयन अटका हुआ है, क्योंकि अभी तक नियम नहीं बनाए गए हैं। सीएए के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन हुए थे और आलोचकों का कहना है कि यह मुसलमानों के साथ पक्षपात करता है। मई में, बंगाल में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा था कि कोविड महामारी समाप्त होने के बाद कानून को लागू किया जाएगा। यह कानून पड़ोसी देशों-बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के ऐसे उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता प्रदान करने की बात कहता है, जो 31 दिसंबर 2014 तक भारत आ गए थे। वहीं, भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पत्रकारों से बातचीत में टीएमसी नेता और राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनके इशारे के बिना भर्ती घोटाला नहीं हो सकता था। अधिकारी ने कहा कि घोटाले से शिक्षक बनने की इच्छा रखने वाले 80-90 लाख लोगों का करियर बर्बाद हो गया।

## केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही केंद्र सरकार: खड़गे

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार पर राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया और इस मुद्दे पर नियम 267 के तहत तत्काल चर्चा कराने की मांग की। सभापति एम वेंकैया नायडू ने इस संबंध में खड़गे के नोटिस को अस्वीकार कर दिया। उन्होंने शिवसेना नेता प्रियंका चतुर्वेदी, आप के संजय सिंह और राघव चड्ढा की ओर से नियम 267 के तहत विभिन्न मुद्दों पर दिए गए नोटिस को भी अस्वीकार कर दिया। उन्होंने कहा कि यह ऐसे मुद्दे हैं, जिनके लिए सदन का कामकाज स्थगित नहीं किया जा सकता। हालांकि, उन्होंने खड़गे और चतुर्वेदी को अपनी बात रखने का मौका दिया। खड़गे ने कहा कि उन्होंने नियम 267 के तहत जो नोटिस दिया वह बहुत महत्वपूर्ण है और उस पर सदन में चर्चा की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी स्वायत्त संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है और मौजूदा सत्तारूढ़ सरकार राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ बैरभाव से यह कर रही है। अभियान चलाकर राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, मीडिया और लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकारों को गिराने के लिए इन एजेंसियों का उपयोग किया जा रहा है। खड़गे ने इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग की, लेकिन सभापति ने इसे अस्वीकार कर दिया। चतुर्वेदी ने कहा कि राज्यसभा राज्यों की परिषद है और ईडी ने सदन के एक वर्तमान सदस्य और उनकी पार्टी के नेता को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा नियमों के मुताबिक ईडी को इसकी पूर्व सूचना सभापति को देनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा न करके उन्होंने सभापति की संवैधानिक स्थिति को कमजोर किया है।

# सांसदों ने बाइक पर निकाली तिरंगा यात्रा, स्कूटी पर सवार होकर निकलीं स्मृति ईरानी

नई दिल्ली (एजेंसी)।

केंद्र सरकार भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर हर घर तिरंगा अभियान की जोर-शोर से तैयारी कर रही है। इसी कड़ी में 3 अगस्त को संसद सदस्यों ने बाइकों पर सवार होकर तिरंगा यात्रा निकाली। लाल किला से उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने केंद्रीय मंत्रियों प्रल्हाद जोशी और पीयूष गोयल की मौजूदगी में तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का समापन विजय चौक पर हुआ। तिरंगा यात्रा में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी स्कूटी चलाती हुई नजर आईं।



बीते मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संसदीय दल की बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री जोशी ने कहा था कि यह आयोजन संस्कृति मंत्रालय की ओर से किया जा रहा है, न कि भाजपा की ओर से। उन्होंने सभी दलों के सांसदों से इस कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया और उन्हें सुबह साढ़े आठ बजे लाल किला पहुंचने को कहा था। संसदीय दल की बैठक में भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आजादी की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर नौ अगस्त से 15 अगस्त के बीच आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की थी। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान पर खासा जोर दिया और भाजपा सांसदों से अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों में लोगों को इससे जोड़ने का आग्रह किया।

## आदित्य ठाकरे ने महाराष्ट्र की सरकार को बताया गद्दारों की सरकार, कहा- जल्द गिर जाएगी

पुणे।(एजेंसी)।

शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने मंगलवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार को 'गद्दारों की सरकार' बताया और कहा कि यह जल्द ही गिर जाएगी। शिंदे द्वारा अपने पिता उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार गिराए जाने के बाद आदित्य जनता से जुड़ने के कार्यक्रम के तहत सतारा जिले के पाटन में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'महाराष्ट्र में 20 जून से विश्वासघात सामने आ रहा है। यह गद्दारों की सरकार है, यह एक अनधिकृत, असंवैधानिक सरकार है। यह गिर जाएगी।' आदित्य ने शिंदे गुट के इस दावे का मजाक उड़ाया कि शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ उनके विद्रोह ने 33 देशों में सुर्खियां बटोरीं। पूर्व मंत्री ने कहा, 'क्रांति और विद्रोह करने के लिए साहस चाहिए, लेकिन इन लोगों के पास वह नहीं है।



# राखी व्यापारी को पीट-पीटकर मौत के घाट उतारने वाले पपला गैंग के तीन बदमाशों को किया पुलिस ने गिरफ्तार, 40 लाख रुपए की कर रहे थे मांग

मरुधर हिन्द/ दीक्षित कुमार

**अलवर।** शहर के राखी व्यापारी घनश्याम सैनी की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए अलवर पुलिस ने पपला गैंग के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह बदमाश घनश्याम सैनी से 40 लाख रुपए की रंगदारी मांग रहे थे। रंगदारी नहीं देने पर बदमाशों ने व्यापारी का अलवर से अपहरण किया। उसके बाद तिजारा के पास नौरंगाबाद गांव में ले जाकर उसके साथ जमकर मारपीट की। बदमाशों ने डंडे व लोहे की रॉड से उसके साथ इतनी मारपीट की कि बदमाश की मौत हो गई। इस मामले में तीन बदमाश अभी फरार हैं। घटना को 6 बदमाशों ने अंजाम दिया था।

अलवर पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने घनश्याम सैनी की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए बताया कि इस मामले में तीन बदमाश गिरफ्तार किए गर हैं। इसमें बलजीत सिंह उर्फ बल्ली निवासी तिजारा, अशोक उर्फ झुन्नू निवासी मुंडावर व विशाल सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी लादिया मोहल्ला अलवर को गिरफ्तार किया है। बलजीत सिंह उर्फ बल्ली पपला गैंग का सदस्य है। बलजीत व अप्पू उर्फ राजा ने व्यापारी के अपहरण व उसके साथ मारपीट की योजना बनाई थी। एसपी ने कहा कि व्यापारी घनश्याम सैनी ने पपला गैंग की विरोधी गैंग चीकू गैंग के आर्थिक रूप से मदद की थी जिसको लेकर पगला गए के बदमाश नाराज चल रहे थे इसी बीच बलजीत उर्फ बल्ली ने घनश्याम सैनी से 10 करोड़ रुपए की डिमांड की। घनश्याम सैनी ने पैसे की व्यवस्था नहीं होने व पैसे देने से मना कर दिया। उसके बाद 10 करोड़ की डिमांड धीरे धीरे घटकर 40 लाख रुपए तक आ गई। घनश्याम सैनी ने 40 लाख रुपए भी देने से मना कर दिया। जिसके बाद बलजीत और अप्पू ने अपने साथियों के साथ मिलकर अलवर के एरोड्रम रोड से 29 जुलाई को घनश्याम सैनी का अपहरण किया छह बदमाश घनश्याम सैनी को लेकर अपने साथ किशनगढ़ के रास्ते तिजारा पहुंचे तिजारा के नौरंगाबाद गांव के पास उन्होंने डंडे पर लोहे की रॉड से घनश्याम सैनी के साथ जमकर मारपीट की बुरी तरह से उनको जख्मी कर दिया उसके बाद बलजीत उर्फ बलि ने घनश्याम सैनी के फोन से 108 एंबुलेंस को फोन करके एंबुलेंस भेजने के लिए कहा कुछ देर बाद बदमाश मौके से फरार हो गए एंबुलेंस नहीं पहुंची व कोई मदद नहीं मिलने के कारण घनश्याम सैनी लहूलुहान हालत में वहां पड़ा रहा है उसके शरीर से खून बहता रहा अधिक खून बहने के कारण उसकी मौत हो गई। एसपी ने बताया कि इनके पास से स्कॉर्पियो गाड़ी वह एक पिस्टल दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। सभी के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में एफ आई आर दर्ज है। बलजीत उर्फ बल्ली के खिलाफ अलवर जिले में 3 मामले दर्ज हैं। अशोक के खिलाफ चार एफ आई आर दर्ज हैं। इसके अलावा अप्पू उर्फ राजा, मोंटी सैनी व अमित सोनी अभी फरार हैं। राजा के खिलाफ पांच एफ आई आर दर्ज हैं। अमित के खिलाफ एक मामला दर्ज है व मोंटी के खिलाफ अलवर जिले के विभिन्न थानों में 6 एफ आई आर दर्ज है। पुलिस ने बताया कि स्कॉर्पियो गाड़ी जय बदमाशों की फोन लोकेशन के हिसाब से पुलिस बदमाशों तक पहुंची। इसके अलावा घटना के बाद बदमाशों ने घनश्याम सैनी के फोन से 108 नंबर पर एंबुलेंस के लिए फोन किया। उससे भी पुलिस को अहम जानकारी मिली। पुलिस ने बलजीत को पलवल हरियाणा से गिरफ्तार किया है। इसके अलावा अन्य बदमाशों को पकड़ने के लिए भी लगातार पुलिस टीम दबिश दे रही हैं। एसपी ने कहा कि घटना के बाद बदमाशों को पकड़ने के लिए जिले में लगे विभिन्न कैमरे की रिकॉर्डिंग चेक की गई। तकनीकी आधार पर मदद लेकर बदमाशों की तलाश की गई। 29 जुलाई को घनश्याम सैनी नाई की दुकान से निकलकर अपनी स्कूटी पर सवार होकर जाने लगा। उसी दौरान मोंटी सैनी उर्फ कमल जो एनसीसी कैडेट जैसी यूनिफॉर्म पहने हुए था। उसने घनश्याम सैनी को रुकवाया व स्कॉर्पियो में बैठे बलजीत अमित व अशोक के पास भेजा। सभी लोगों ने मिलकर घनश्याम सैनी को जबरदस्ती गाड़ी में बैठा लिया व उसके साथ मारपीट करने लगे। बदमाश इस पूरी घटना को हादसे का रूप देना चाहते थे। एसपी ने कहा कि इस मामले में अभी 3 आरोपी फरार हैं। उनको भी जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।



### सट्टे का था बड़ा कारोबार

एसपी ने कहा कि घनश्याम सैनी सट्टे का कारोबार करते थे। उनका बड़ा नेटवर्क था। इसलिए और लोगों की भी इस मामले में हाथ हो सकता है। इस संबंध में जांच पड़ताल चल रही है। जल्द और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है। सट्टे के कारोबार में लंबे समय से घनश्याम सैनी सक्रिय थे। पहले भी उनके साथ कई घटनाएं हो चुकी हैं। एसपी ने कहा कि सट्टे का कारोबार करने वाले लोग डरते हैं। इसलिए घनश्याम सैनी ने चीकू गैंग को पैसे दिए थे। हालांकि कितने पैसे दिए इसका पता नहीं चल सका है। इसकी जांच पड़ताल चल रही है।

# पुलिस थाना विद्यालय नगर की कार्यवाही नाबालिग बेटे की जानकारी लड़की के फोटो वायरल करने की धमकी देकर परिवार के गहने मंगवाने के आरोपी गिरफ्तार

**परिवादी के मॉल में प्रबंधक होने का पता चलने पर मुलजीमान ने उसके नाबालिग बेटे से गाठी दोस्ती**

**दोस्ती में विश्वास में लेकर उसके इंस्टाग्राम आईडी के यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त कर इंस्टाग्राम से जानकार लड़की के फोटो किए प्राप्त**

**परिवादी के नाबालिग बेटे को उस लड़की के फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर घर से मां के मंगवाए जेवरात**

**नाबालिक लड़की की मां के एक सोने का मंगलसूत्र , एक अंगूठी , एक सोने का छोटा बिस्किट, 4 सोने के कड़े मंगवा कर किए हड़प**

**विद्याधर नगर थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही कर दोनों मूलजिमान को किया गिरफ्तार**

मरुधर विशेष/क्राइम रिपोर्ट/महावीर सिंह चौहान

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर परिस देशमुख ने बताया कि दिनांक 29/6/2022 को पुलिस थाना विद्याधर नगर जयपुर उत्तर पर परिवादी सम्राट मिश्रा ने एक परिवाद दर्ज करवाया कि उसके नाबालिग बेटे के दोस्तों योगेश उर्फ योगी कुणाल मोदी ने परिवादी के बेटे को डरा धमका कर उसको ब्लैकमेल कर परिवादी के पत्नी के जेवरात मंगवा कर हड़प लिये। उक्त वारदात के संबंध में विद्याधर नगर थाना पर मुकदमा नंबर 284/22 धारा 384/506 आईपीसी में दर्ज किया गया था । उक्त प्रकरण की घटना को अंजाम देने वाले मुलजिमान की शिनाख्त हेतु अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर द्वित्य श्री धर्मेंद्र सागर के निर्देशन एवं सहायक पुलिस आयुक्त शास्त्री नगर महेंद्र कुमार गुप्ता के सुपर विजन में वीरेंद्र कुमार पुलिस थाना विद्या नगर थाना अधिकारी जयपुर के नेतृत्व में एसआई राजवीर हेड कॉन्स्टेबल कैलाश चंद कॉन्स्टेबल देवेंद्र, श्यामलाल,दिनेश,गिरधारी लाल मुकेश, दीपक कुमार थाना विद्याधर नगर की टीम गठित की गई , एवं मनोज कुमार कॉन्स्टेबल तकनीकी सहायक कार्यालय पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर से प्रकरण में तकनीकी सहायता प्राप्त की गई।



वीरेंद्र कुरील थाना प्रभारी विधाधर नगर



गठित टीम द्वारा मुलजिमान की तलाश की गई तो घर से हुए दस्तयाब मिले जिस पर टीम द्वारा मुलजिमान के आने-जाने के रास्ते में उठने बैठने के स्थान चिन्हित कर तलाश जारी रखें ।

कुणाल मोदी पुत्र बालकिशन मोदी जाति खंडेलवाल निवासी सेक्टर 1 विद्याधर नगर, योगेश कुमार योगी पुत्र महेश कुमार जाति पंजाबी निवासी प्लॉट नंबर 3 वाटिका कॉलोनी नयाखेड़ा शास्त्री नगर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की हैं।

जिन्होंने उक्त जेवरात में से कुछ जेवरात हरियाणा के कुरुक्षेत्र इलाके में छुपा कर रखे थे । पुलिस रिमांड पर लेकर नाबालिक के सोने के जेवरात बरामद किए गए उनका पूर्व का आपराधिक रिकॉर्ड पता किया जा रहा है अन्य नाबालिग बच्चों से जेवरात हड़पने के संबंध में अनुसंधान जारी है।

# चेष्टा लेडीज़ क्लब की ओर से सावन एवं तीज महोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया

मरूधर विशेष/विनोद शर्मा

चेष्टा लेडीज़ क्लब की ओर से सावन एवं तीज महोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया जिसमें सभी ने डान्स सिंगिंग बेस्ट ड्रेस रैम्प वॉक सावन क्वीन सभी में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । सावन क्वीन कावेरी माहेश्वरी को चुना गया ।क्लब की डाइरेक्टर नीतू जैन ने सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया । मुख्य अतिथि पूर्व मेयर एवम् फ़ाईनेन्स कामिटी चेअरपरसन शील धबाई जी एवं मिसिज इंडिया श्वेता मेहता मोदी जी थे और गेस्ट ओफ़ ऑनर ममता शर्मा रुचि जैन ममता मिश्रा एवं सोनू अग्रवाल सभी का सम्मान किया गया मंच संचालन इंदिरा जैन ने किया मिमिक्रि आर्टिस्ट योगेश रजवाड़ा ने सभी की शानदार मिमिक्रि की कनविनर संगीता सक्सेना अनिता बिंदल एवं लता अग्रवाल थी ।



राष्ट्रमंडल खेल

# लवप्रीत सिंह का कमाल, वेटलिफ्टिंग में भारत को दिलाया कांस्य पदक

## कैमरून के नयाबेयू को मिला स्वर्ण

**बर्मिंघम (एजेंसी)।**

राष्ट्रमण्डल खेलों में भारत के लवप्रीत सिंह ने पुरुषों के 109 किलोग्राम भार वर्ग में तीसरे स्थान पर रहने के साथ ही कांस्य पदक पाया। लवप्रीत ने कुल 355 किलो वजन उठाते हुए यह कांस्य पदक हासिल किया है। लवप्रीत ने पहले ही प्रयास में 157 किलो वजन उठाया। वहीं दूसरे प्रयास में लवप्रीत ने 161 किलोग्राम वजन उठाया और इस लिफ्ट के साथ ही पहले पायदान पर पहुंच गए। इसके बाद उनका तीसरा प्रयास भी सफल रहा और उन्होंने 163 किलो वजन के साथ स्नैच राउंड समाप्त किया।

लवप्रीत ने इसी प्रकार का प्रदर्शन क्लीन एंड जर्क में भी किया और पहले ही प्रयास में ही 185 किलो वजन उठा लिया। इस प्रकार वह कुल मिलाकर पहले स्थान पर आ गए। दूसरे प्रयास में उन्होंने कुल 189 किलो वजन उठाया और तीसरे प्रयास में 192 किलो वजन उठाया। उनके सभी 6 प्रयास सफल रहे। वहीं कैमरून के नयाबेयू ने 196 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। समोआ के जैक हिटिला को रजत पदक मिला।

लवप्रीत ने जब क्लीन एंड जर्क का जब अपना आखिरी प्रयास पूरा किया, तबतक वो नंबर एक पर थे पर बाद में कैमरून के नयाबेयू और समोआ के हिटिला आगे निकल गये। इस कारण लवप्रीत को कांस्य पदक ही मिल पाया। भारतीय भरोत्तोलक ने कुल 355 (163+192) किलो वजन उठाया और अपना नेशनल रिकॉर्ड तोड़ते हुए कांस्य पदक जीता। कैमरून के वेटलिफ्टर जूनियर पेरिसलेक्स ने कुल 361 किलो वजन उठाया और वह स्वर्ण जीतने में सफल रहे। वहीं, समोआ के जैक हिटिला ने 358 किलो वजन के साथ रजत पदक हासिल किया।



# राष्ट्रमंडल खेल: तूलिका मान महिलाओं की 78 किग्रा जूडो स्पर्धा के फाइनल में पहुंची



**बर्मिंघम। (एजेंसी)।**

भारतीय जूडो खिलाड़ी तूलिका मान ने बुधवार को यहां महिलाओं के 78 किग्रा वर्ग के फाइनल में पहुंचकर राष्ट्रमंडल खेलों में एक पदक पक्का कर दिया। चार बार की राष्ट्रीय चैम्पियन तूलिका (22 साल) पहले मुकाबले में पिछड़ रही थीं लेकिन 'इपोन% (प्रतिद्वंद्वी को पीठ के बल जोर से पटकना) की बदौलत न्यूजीलैंड की सिडनी एंड्रयूज को सेमीफाइनल में तीन मिनट के भीतर हराकर फाइनल में पहुंच गईं। अब तूलिका का सामना रात में फाइनल में स्कॉटलैंड की सारा एडलिंगटन से होगा।

एक अन्य भारतीय दीपक देसवाल पुरूष 100 किग्रा स्पर्धा के रेपशाज में फिजी के तेविता ताकावाया से हार गए। भारत ने अभी तक जूडो स्पर्धा में दो पदक जीत लिए हैं। एल सुशीला देवी और विजय कुमार ने सोमवार को क्रमशः महिला 48 किग्रा वर्ग और पुरूष 60 किग्रा वर्ग में रजत और कांस्य पदक जीते थे।

गौर हो कि 22 अप्रैल को भारतीय जूडो महासंघ की मान्यता रद्द कर दी गई थी जिसके बाद भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने राष्ट्रमंडल खेलों के लिए खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया और ट्रायल्स की देखरेख तथा जरूरी बदलावों का सुझाव देने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की थी। समिति में ओलंपियन जूडो खिलाड़ी कावास बिलिमोरिया, संदीप बायाला और सुनीत ठाकुर के अलावा जूडो मास्टर्स अरूण द्विवेदी और योगेश के धाडवे शामिल हैं।

# करो या मरो का मैच जीतकर भारत महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में पहुंची

**बर्मिंघम। (एजेंसी)।**



भारतीय महिला हॉकी टीम ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 के करो या मरो मैच में बुधवार को कनाडा को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत ने ग्रुप-ए के अपने आखिरी मुकाबले में कनाडा को 3-2 से शिकस्त दी। भारत के लिए सलीमा टेटे, नवनीत कौर और लालरेमसियामी ने एक-एक गोल किया, जबकि कनाडा के लिये ब्रिएन स्टेयर्स और हैना हॉ ने गोल किए।

भारत ने करो या मरो मैच की शुरुआत मजबूती से करते हुए मैच के तीसरे मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। गुरजीत कौर से गेंद को नेट तक पहुंचाने में चूक हुई, लेकिन सलीमा ने भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। नवनीत कौर ने दूसरे क्वार्टर में लालरेमसियामी के पास को गोल में तब्दील कर भारत को 2-0 की बढ़त दिलाई, लेकिन इसके बाद कनाडा ने मैच में वापसी की।

स्टेयर्स ने जहां क्वार्टर-2 की समाप्ति से ठीक पहले एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया, वहीं हैना हॉ ने तीसरे क्वार्टर के नौंवे मिनट में गोल कर मैच को 2-2 की बराबरी पर ला खड़ा किया। ग्रुप-ए में गोल के मामलों में भारत से आगे चल रही कनाडा को मैच में सिफ ड्रॉ की दरकार थी, जबकि भारत के लिए जीतना जरूरी था। भारत को चौथे क्वार्टर में गोल की सख्त आवश्यकता थी जो उन्हें लालरेमसियामी ने दिलाया। जब चौथे क्वार्टर में नौ मिनट बचे थे तब लालरेमसियामी ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और भारत ने 3-2 से जीत दर्ज की। इससे पहले भारत ने ग्रुप-ए के अपने मुकाबलों में घाना (5-0) और वेल्स (3-1) पर जीत हासिल की थी जबकि इंग्लैंड (1-3) से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस जीत के साथ भारतीय महिला हॉकी टीम ने राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल में पांचवी बार जगह बनाई है, जहां उनका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा।

# राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय बैडमिंटन टीम को मिला रजत

**बर्मिंघम। (एजेंसी)।**

भारतीय मिश्रित बैडमिंटन टीम को राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक मिला है। भारतीय टीम को फाइनल में मलेशिया के हाथों 3-1 से हार का सामना करना पड़ा। खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को पहले ही मैच में टेंग फोंग और वूई सोह ने 18-21, 15-21 से हरा दिया।

इस दौरान पहले गेम में भारतीय जोड़ी 18-15 से आगे चल रही थी पर इसके बाद मलेशियाई जोड़ी ने लगातार छह अंक हासिल कर मैच में 1-0 की बढ़त हासिल कर भारतीय टीम को सीधे गेमों में हरा दिया। वहीं महिला एकल मैच में पी वी सिंधु ने मलेशिया की गोह जिन वेई को 22-20, 21-17 से हराकर भारत को बराबरी पर ला दिया। वेई ने पहले गेम की शुरुआत में पिछड़ने के बाद सिंधु को कड़ी टक्कर दी पर अंत में भारतीय खिलाड़ी के सामने उसकी एक नहीं चली और मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रहा।



पुरुष एकल मैच में किदांबी श्रीकांत की हार से भारत फिर 1-2 से पीछे हो गया। श्रीकांत और एनजी ट्ज़ो योंग के बीच कड़ा मुकाबला हुआ पर तीन गेमों के बाद किदांबी को 21-19, 6-21, 21-16 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद भारत की त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को कूंग ली परली और मुरलीधरन थिनाह से सीधे गेमों में 21-18, 21-17 से मिली हार के साथ ही मुकाबला भारत के हाथों से निकल गया और मलेशियाई टीम को 3-1 से जीत के साथ ही स्वर्ण पदक मिला।

# राष्ट्रमंडल खेल ~ वेटलिफ्टर विकास ठाकुर ने जीत के बाद सिद्धू मूसेवाला के अंदाज में मनाया जश्न




**बर्मिंघम। (एजेंसी)।**

भारोत्तोलक (वेटलिफ्टर) विकास ठाकुर राष्ट्रमंडल खेलों के लिए यहां तक की यात्रा में सिद्धू मूसेवाला के गीत सुनते हुए आए थे और प्रतिस्पर्धा के दौरान भी पंजाब के इस दिवंगत गायक के संगीत के बारे में सोच रहे थे। मूसेवाला की हत्या के बाद दो दिन तक भोजन नहीं करने वाले ठाकुर ने राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने के बाद मूसेवाला के अंदाज में जांघ पर हाथ मारकर जश्न मनाया।

हिमाचल प्रदेश के राजपूत जाट समुदाय के ठाकुर ने कहा, 'पंजाबी थप्पी सिद्धू मूसेवाला को श्रृद्धांजलि थी। उनकी हत्या के बाद दो दिन मैने खाना भी नहीं खाया था।' उन्होंने कहा, 'मैं उनसे कभी मिला नहीं लेकिन उनके गीत हमेशा मेरे साथ रहेंगे। यहां आने से पहले भी मैं वही सुन रहा था। मैं हमेशा उनका बड़ा प्रशंसक रहूंगा।'

# राष्ट्रमंडल खेल: मुक्केबाज नीतू गंघास सेमीफाइनल में पहुंची, भारत का पदक पक्का

**बर्मिंघम :** भारतीय मुक्केबाज नीतू गंघास ने बुधवार को यहां महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचकर राष्ट्रमंडल खेलों में एक पदक पक्का कर दिया। दो बार की युवा स्वर्ण पदक विजेता नीतू (21 वर्ष) को क्वार्टरफाइनल के तीसरे और अंतिम राउंड में उत्तरी आयरलैंड की प्रतिद्वंद्वी निकोल क्लाइड के स्वेच्छा से रिटायर होने (एबीडी) के बाद विजेता घोषित किया गया। चार भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन, निकहत जरीन, आशीष कुमार और मोहम्मद हुसामुद्दीन दिन में अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले खेलेंगे।



# रोहित कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने



**पोर्ट ऑफ स्पेन ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबले में एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। रोहिन ने इस मैच में एक छक्का लगाने के साथ ही कप्तान के तौर पर अपने 60 छक्के पूरे किये। इसी के साथ ही वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गये हैं। इसके बाद उन्हें पीठ में खिंचाव के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा। रोहित से पहले यह रिकॉर्ड पूर्व कप्तान विराट कोहली के नाम था। विराट ने टीम इंडिया की ओर से टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में कप्तान के तौर पर 59 छक्के लगाए हैं। रोहित ने अब तक टी20 क्रिकेट 131 मैच खेलते हुए 123 पारियों में 32.28 की औसत से 3454 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने चार शतक और 27 अर्धशतकीय पारियां खेली हैं। रोहित ने इस दौरान कुल 160 छक्के और 311 चौके भी लगाए हैं। वह वर्तमान समय में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। इसमें नंबर एक पर वेस्टइंडीज के बल्लेबाज क्रिस गेल का नाम दर्ज है। गेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा 553 छक्के लगाए हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर पूर्व पाक कप्तान शाहिद अफरीदी का नाम आता है। अफरीदी ने 476 छक्के लगाये हैं।

# सूर्यकुमार की शानदार पारी से भारतीय टीम ने तीसरे टी20 में वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराया

**सैंट किट्स एवं नेविस। (एजेंसी)।**

सूर्यकुमार यादव की आक्रामक पारी से भारतीय क्रिकेट टीम ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मेजबान वेस्टइंडीज को सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ही भारतीय टीम पांच मैचों की इस सीरीज में 2-1 से आगे हो गयी है। इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर मेजबान टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। मेजबान वेस्टइंडीज की टीम ने सलामी बल्लेबाज काइल मायर्स के अर्धशतक 73 रनों की सहायता से पांच विकेट पर 164 रन बनाए। इसके बाद इस लक्ष्य को भारतीय टीम ने 19 ओवरों में ही तीन विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाकर हासिल कर लिया। मैच में सूर्यकुमार ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरते हुए 44 गेंद में आठ चौके, चार छक्के लगाकर 76 रन बनाये। वहीं श्रेयस अय्यर ने 24 रन ही बनाये पर उनके और सूर्यकुमार के बीच दूसरे विकेट के लिए 85 रनों की अहम साझेदारी हुई। इसके अलावा विकेटकीपर



बल्लेबाज ऋषभ पंत 26 गेंद में 33 रन बनाकर नाबाद रहे।

इससे पहले मेजबान टीम की पारी मायर्स और ब्रैंडन किंग ने शुरु की। किंग ने 20 रन बनाये उनकी मायर्स के साथ पहले विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी हुई। कप्तान निकोलस पूरन ने 23 जबकि रोवमैन पावेल ने 23 रन बनाये। शिमरोन हेटमायर ने भी 20 रनों की उपयोगी पारी खेली। वहीं दूसरी ओर भारतीय टीम के गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने 35 रन देकर दो विकेट लिए। हार्दिक पांड्या ने भी अच्छी गेंदबाजी करते हुए 19 रन देकर एक विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज और कप्तान रोहित शर्मा 11 रन बनाने के बाद कमर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान से बाहर चले गये। इसके आद सूर्यकुमार ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए जमकर स्ट्रोक्स खेले। उन्होंने ओबेद मैकॉय और अज्लारी जोसेफ की गेंद को मैदान के बाहर भेजा।

सूर्यकुमार ने छक्का लगाकर केवल 26 गेंद में ही अपना अर्धशतक पूरा किया। सूर्यकुमार को ड्रेक्स ने अपना शिकार बनाया। उनके आउट होने के बाद भारत को 30 गेंदों में 29 रन चाहिये थे। हार्दिक पांड्या छह रन बनाने के बाद होल्डर की गेंद पर आउट हो गये पर लौटे लेकिन ऋषभ और दीपक हुड्डा ने भारतीय टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। हुड्डा 10 रन बनाकर नाबाद रहे।

## एशिया कप की तैयारी में जुटा पाकिस्तान, बाबर आजम के नेतृत्व में 15 सदस्यीय टीम का हुआ ऐलान

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।**

संयुक्त अरब अमीरात में खेले जाने वाले एशिया कप के लिए पाकिस्तान की टीम तैयारियों में जुट गई है। पाकिस्तान को अपना पहला मुकाबला भारत के खिलाफ 28 अगस्त को दुबई में खेलना है। इन सब के पीछे पाकिस्तान की ओर से 15 सदस्य टीम का भी ऐलान कर दिया गया है। कप्तान बाबर आजम के नेतृत्व में पाकिस्तान की यह 15 सदस्य टीम एशिया कप में उतरेगी। हालांकि, इस टीम में हसन अली को मौका नहीं दिया गया है। हसन अली टीम के बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक थे। हालांकि, पिछले टी20 वर्ल्ड कप के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी खूब पिटाई हुई थी। हसन अली की जगह पाकिस्तान ने तेज गेंदबाज नसीम शाह को मौका दिया है।

पाकिस्तान की टीम में शाहीन शाह अफरीदी का भी नाम है। हालांकि, पिछले दिनों बाद चोट की वजह से श्रीलंका के खिलाफ मुकाबला नहीं खेल पाए थे। बावजूद इसके उन्हें टीम में रखा गया है।

**एशिया कप के लिए पाकिस्तान टीम:** बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, आसिफ अली, फखर जमान, हैदर अली, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, खुशदिल शाह, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी, शाहनवाज दहानी, उस्मान कादिरी

# धनलक्ष्मी तीन साल के लिए प्रतिबंधित

**नई दिल्ली ।** डोपिंग जांच में पॉजिटिव पाये जाने के कारण भारतीय महिला एथलीट धनलक्ष्मी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। धनलक्ष्मी पर यह प्रतिबंध एथलेटिक्स इंटीग्रिटी इकाई (एआईयू) ने लगाया है। इसका कारण धनलक्ष्मी के दो मई को तुर्की में लिए नमूने में मेटांडियनोन (एनाबॉलिक एंड्रोजेनिक स्टेरॉयड) पाया जाना बताया जा रहा है। मेटांडियनोन विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) कोड के तहत प्रतिबंधित माना जाता है। धनलक्ष्मी का परीक्षण स्विट्जरलैंड के लुसाने में वाडा की मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में ही हुआ था। ऐसे मामलों के लिए निलंबन की अवधि चार साल की होती है पर धनलक्ष्मी ने डोपिंग अपराध और प्रतिबंध स्वीकार कर लिया था। इसके कारण उनकी सजा की अवधि में एक साल की कमी कर दी गयी। धनलक्ष्मी अब 11 जुलाई से तीन साल के लिये प्रतिबंधित रहेगी। इसके साथ ही एक मई 2022 के उनके सभी परिणामों को भी खारिज कर दिया गया है। एआईयू ने अपने एक बयान में कहा, '' इस एथलीट ने 19 जुलाई को डोपिंग रोधी नियम के उल्लंघन को स्वीकार कर स्वीकृति फॉर्म पर हस्ताक्षर किए जिससे उनकी सजा में एक साल की कटौती की गयी है।'' इस मामले में इस एथलीट के पास अब खेल पंचाट में अपील का ही विकल्प बचा है।

# सूर्यकुमार कुमार आईसीसी टी20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे

**दुबई।** भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ताजा जारी आईसीसी टी20 रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग से दूसरे स्थान पर पहुंच गए। वेस्टइंडीज के खिलाफ मंगलवार को तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 44 गेंद में 76 रन की अर्धशतकीय पारी खेलने वाले सूर्यकुमार (816) शीर्ष रैंकिंग पर काबिज बाबर आजम (818) से केवल दो रेटिंग अंक पीछे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ इस पारी से उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया था। उनके अब 816 अंक हैं और पांच मैचों की श्रृंखला में वह 111 रन बना चुके हैं जिसमें भारत 2-1 से बढ़त बनाए है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स 16 पायदान के फायदे से 15वें स्थान पर पहुंच गये हैं जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सभी तीनों मैच में अर्धशतक जड़े थे।



वेस्टइंडीज के बल्लेबाज ब्रैंडन किंग (29 पायदान के लाभ से 27वें स्थान पर), इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो (13 पायदान के फायदे से 31वें स्थान पर) और दक्षिण अफ्रीका के रिली रोसोऊ (संयुक्त 37वें स्थान पर) ने भी ऊपर की ओर कदम बढ़ाए। हेनरिच क्लासेन और भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (66वें स्थान) भी रैंकिंग में ऊपर की ओर बढ़े हैं। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में आठ विकेट चटकाने वाले दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर तबरेज शम्सी को टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में 19 रेटिंग अंक का फायदा मिला जिससे वह दूसरे स्थान पर पहुंच गए। शम्सी एक पायदान की बढ़त हासिल करने में सफल रहे लेकिन वह शीर्ष रैंकिंग पर काबिज जोश हेजलवुड (792 रेटिंग अंक) से 64 रेटिंग अंक पीछे हैं। वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील हुसैन, इंग्लैंड के क्रिस जॉर्डन, न्यूजीलैंड के स्पिनर मिशेल सैंटनर और ईश सोढ़ी को भी फायदा मिला। वनडे रैंकिंग में भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन एक पायदान के लाभ से 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय गेंदबाज युजवेंद्र चहल (16वें) और शार्दुल ठाकुर (72वें) भी रैंकिंग में ऊपर की ओर बढ़े हैं।

# सर्वाधिक गोल के मामले में लियोनेल मेसी का भी तोड़ रखा है रिकॉर्ड, जानिए भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान की उपलब्धियां और रिकॉर्ड

**बासेटेरे (सेंट किट्स) (एजेंसी)।**

भारतीय फुटबॉल टीम के स्टार खिलाड़ी सुनील छेत्री इंडियन सुपर लीग कि क्लब बेंगलुरु एफसी और भारतीय राष्ट्रीय टीम दोनों में कप्तान है। वह भारतीय फुटबॉल टीम के लिए अब तक सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ियों में से एक है। बता दें कि छेत्री के नाम 80 गोल हैं और वह क्रिस्टियानो रोनाल्डो से पीछे और लियोनेल मेसी से आगे पुरुष फुटबॉलरों के बीच दूसरे सबसे शानदार अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले खिलाड़ियों में भी शामिल हैं। सुनील छेत्री का जन्म 3 अगस्त 1984 को आंध्र प्रदेश के सिकंदराबाद में हुआ था। उनके पिता केबी छेत्री भी अपने शुरूआती दिनों में फुटबॉल खेला करते थे जबकि मां सुशीला ने नेपाल की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के लिए खेला। एक आर्मी के बेटे होने के नाते सुनील देश के कई हिस्सों में घूमे और कई बार स्कूल भी बदला। लेकिन इन सबके बीच एक चीज जो सुनील के लिए कभी नहीं बदला वो था उनका फुटबॉल खेल के प्रति उनका जुनून। अपने स्कूल के समय में छेत्री ने फुटबॉल खेल में शानदार प्रदर्शन किया। आपको जानकर हैरानी होगी लेकिन सुनील ने कभी भी फुटबॉल को एक पेशे के रूप में विचार नहीं किया था बल्कि वह फुटबॉल इसलिए खेलते थे ताकि उनका एडमिशन अच्छे कॉलेज में हो सकें और वह आगे की पढ़ाई अच्छे से कर सकें।

### सुनील छेत्री के शानदार रिकॉर्ड

1-सुनील छेत्री ने रिकॉर्ड छह बार एआईएफएफ प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ पुरस्कार 1992 में शुरू हुआ और तब से छेत्री ने सबसे अधिक बार पुरस्कार जीता है।

2-सुनील छेत्री देश के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। ब्लू टाइगर्स के लिए छेत्री के पास 80 गोल के साथ 125 कैप हैं।

3-सुनील छेत्री को 13 नवंबर 2021 को राष्ट्रपति कोविंद द्वारा खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह एक ऐसा क्षण था जिसे भारतीय फुटबॉल प्रशंसक और छेत्री खुद जीवन भर याद रखेंगे।

4-सुनील छेत्री एकमात्र भारतीय फुटबॉलर हैं जो तीन अलग-अलग महाद्वीपों - उत्तरी अमेरिका, एशिया और यूरोप में खेले हैं।

5-छेत्री के नाम किसी भी भारतीय फुटबॉलर द्वारा सबसे अधिक हैट्रिक है और वह वियतनाम, चीनी ताइपै और ताजिकिस्तान जैसी टीमों के खिलाफ स्कोर करने में सफल रहे हैं।

## एक्सप्रेस न्यूज

### अजमेर दरगाह में बाबा फरीद का चिल्ला खोला

**अजमेर, (एजेंसी)**। राजस्थान में मोहर्रम के मौके पर अजमेर स्थित सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में बाबा फरीद का चिल्ला बुधवार सुबह साढ़े चार बजे खोल दिया गया। साल में एकबार खुलने वाला यह चिल्ला 72 घंटों के लिए खोला गया है जो अब शनिवार सुबह मामूल कर दिया जाएगा। अजमेर दरगाह स्थित इस चिल्ले पर बाबा फरीद के अकीदतमंद बड़ी संख्या में पहुंचकर जियारत कर रहे हैं और अमन चैन खुशहाली की कामना भी की जा रही है। यहां लंबी कतार चल रही है। अजमेर में मोहर्रम के मौके पर मिनी उर्स के चलते यह चिल्ला तब खोला जाता है जब पाकिस्तान के पाक पट्टन में बाबा फरीद का उर्स चल चलता है।

### देवबंदी मुफ्ती को नहीं मिला उलेमाओं का साथ

**सहारनपुर, (एजेंसी)**। उप्र में देवबंद के एक कट्टरपंथी आलिम मुफ्ती असद कासमी लोकप्रिय भजन गायिका फरमानी नाज को नसीहत देकर अपने ही समुदाय में अलग-थलग पड़ गये हैं। ना तो उन्हें प्रसिद्ध इस्लामिक शिक्षण संस्था दारूल उलूम देवबंद का साथ मिला और ना ही अन्य देवबंदी विख्यात उलेमाओं का समर्थन मिला। दारूल उलूम ने स्पष्ट किया कि फरमानी नाज के हिन्दू देवताओं की प्रशंसा में गाए जाने वाले भजनों को लेकर उनकी संस्था ने कोई फतवा जारी नहीं किया है। दारूल उलूम ने इस विवाद पर तटस्थ रवैया अपना लिया है। देवबंद के ही एक अन्य वरिष्ठ आलिम मुफ्ती अरशद फारूखी और मौलाना इशहाक गोरा ने कहा कि उनकी ओर से भी फरमानी नाज को लेकर कोई राय अथवा फतवा नहीं दिया गया।

### राजस्थान में कई जिलों में गायों पर लंपी बीमारी

**जैसलमेर, (एजेंसी)**। सीमांत जैसलमेर सहित कई पश्चिमी जिलों में गायों में फैली लंपी स्किन बीमारी का कहर जारी है और दस हजार गायें इसकी चपेट में आ चुकी हैं। राज्य सरकार एवं पशुपालन विभाग के इस बीमारी पर काबू पाने के भरसक प्रयास जारी हैं। जिला कलेक्टर टीना डाबी ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा जिले में पशुओं में फैली बीमारी के संबंध में लगातार सर्वे किया जा रहा हैं। अब तक दो लाख गायों का सर्वे हो चुका है। दस हजार गाएं इस रोग से ग्रसित थी जिनमें करीब छह हजार गायें ठीक हो चुकी है। हालांकि पशुपालन विभाग में बड़ी तादात में पद रिक्त हैं, चिकित्सकों की कमी हैं और इस संबंध में राज्य सरकार को अवगत कराया गया है।

### सपा सदस्यता अभियान के प्रभारियों की नियुक्ति

**लखनऊ, (ब्यूरो)**।सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से सपा की सदस्यता अभियान के प्रभारियों की नियुक्ति की गई। उज्जवल रमण सिंह पूर्व मंत्री उप्र सरकार, आशुतोष सिन्हा एमएलसी को प्रयागराज महानगर तथा लालजी वर्मा विधायक/पूर्व मंत्री उ.प्र. सरकार, राकेश पाण्डेय विधायक, त्रिभुवन दत्त विधायक, अतहर खान पूर्व एमएलसी को जनपद अम्बेडकरनगर का सपा की सदस्यता अभियान का प्रभारी नियुक्त किया गया है। आलोक तिवारी पूर्व सांसद, संतोष यादव सनी पूर्व एमएलसी एवं सुनील सिंह को जनपद सन्तकबीरनगर का प्रभारी नामित किया गया है।

### डीएलएड प्रशिक्षण में संस्थान आवंटन शुरू

**प्रयागराज, (ब्यूरो)**।डीएलएड प्रशिक्षण-2022 के 2.43 लाख सीटो पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से मेरिट के सापेक्ष प्रशिक्षण संस्थान के आवंटन हेतु भरे जाने के लिए समय निर्धारित कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपनी मेरिट वेबसाइट 'यूपीडीएलएड.जीओवी.इन' पर 03 अगस्त से देख सकते हैं। 11 से 22 अगस्त की सायं पांच बजे तक प्रवेश लेने की अंतिम तिथि निर्धारित है एवं 14 सितम्बर से प्रशिक्षण प्रारम्भ हो जायेगा। स्टेट रैंक 01 से 20,000 तक के अभ्यर्थियों को संस्थान का विकल्प भरने की तिथि 5 से 7 अगस्त एवं संस्था आवंटन प्रकाशित होने की तिथि 08 अगस्त है।

### आज का इतिहास

- **1265:** ब्रिटेन के प्रिंस एडवर्ड ने साइमन डी मोंटफोर्ट को हराया।
- **1664:** संगीतज्ञ लुईस लुली का पेरिस में जन्म हुआ।
- **1666:** नीदरलैंड और इंग्लैंड के बीच समुद्री लड़ाई हुई।
- **1805:** आयरलैंड के गणितज्ञ विलियम रोवन हैमिल्टन का जन्म हुआ।
- **1870:** ब्रिटिश रेडक्रॉस सोसायटी की स्थापना।
- **1875:** बच्चों की कहानियां लिखने वाले हैन्स क्रिश्चियन एंडरसन का जन्म हुआ
- **1886:** कोलंबिया ने संविधान अंगीकार।
- **1929:** अभिनेता, गायक, निर्देशक किशोर कुमार का जन्म।
- **1935:** भारत शासन अधिनियम 1935 को महारानी की स्वीकृति मिली।
- **1956:** भारत के पहले परमाणु अनुसंधान केंद्र अप्सरा से काम शुरू।

## बहनों ने जवानों को बांधी राखी



प्रयागराज में महिलाओं ने आरएएफ कैंप में रक्षा बंधन उत्सव मनाने रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों को राखी बांधी।

# ताइपे से नैंसी रवाना, चीन ने ताइवान पर लगाए बेन

**बीजिंग/वाशिंगटन, (एजेंसी)**। अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा पूरी हो गई है। करीब 17 घंटे ताइवान में रहने के बाद वे दक्षिण कोरिया के लिए रवाना हो गई हैं। चीन ने ताइवान को सब तरफ से घेर लिया है। इससे पहले बुधवार सुबह पेलोसी ने ताइवान की राष्ट्रपति से मुलाकात की। इस दौरान ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने कहा, अमेरिकी स्पीकर पेलोसी वास्तव में ताइवान के सबसे अच्छे मित्रों में से एक हैं। वहीं बौखलाए चीन ने ताइवान पर आर्थिक प्रतिबंध लगाएं। चीन ने बुधवार को ताइवान से व्यापार रोक दिया। ताइपे से अंगूर, नींबू, संतरे सहित खट्टे फल और मछली उत्पादों के आयात को निलंबित कर दिया है। चीन ने पेस्ट्री, पके हुए माल और मिठाई का उत्पादन करने वाली कई ताइवानी कंपनियों पर आर्थिक प्रतिबंध के साथ ही आयात प्रतिबंध भी लगा दिए हैं।



### एक्शन में चीनी सेना, सीमा पर जारी युद्धाभ्यास

चीन की सेना एक्शन में आई और पेलोसी जैसे ही ताइवान पहुंचीं, चीनी सेना ताइवान जलडमरूमध्य की ओर बढ़ गई। चीनी सुखोई-35 लड़ाकू विमानों ने भी ताइवान जलडमरूमध्य को पार किया। यह जलडमरूमध्य ताइवान को मुख्य भूमि चीन से अलग करता है। वहीं अमेरिका ने भी अपने यूएसएस रोनाल्ड रीगन और अन्य युद्धपोतों को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र और फिलीपींस सागर में भी तैनात कर दिया है। लड़ाकू विमानों को भी अलर्ट पर रखा गया है।

# भारत के योगदान बढ़ाने का प्रयास निर्धारित

### मंत्रिमंडल ने एनडीसी मसौदे को मंजूरी दी

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

मंत्रिमंडल ने जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र संधि-व्यवस्था (यूएनएफसीसीसी) को सूचित किए जाने वाली भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित अद्यतन योगदान (एनडीसी) मसौदे को मंजूरी दे दी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल बुधवार को हुई बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया है कि जलवायु को प्रभावित करने वाली ग्रीन-हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी के बारे में भारत का अद्यतन एनडीसी पेरिस में हुई संधि के अनुसार अंतराष्ट्रीय प्रयासों में भारत के योगदान को बढ़ाने का प्रयास है।

**जलवायु परिवर्तन पर एक्शन में केंद्र सरकार**

बयान में कहा गया है कि यह कदम भारत को कम उत्सर्जन वाली आर्थिक वृद्धि के मार्ग पर लाने में सहायक होगा। इससे देश के हितों की रक्षा होगी और यूएनएफसीसीसी के सिद्धांतों और प्रावधानों के आधार पर भारत के भविष्य के विकास की आवश्यकताओं का भी संरक्षण होगा। भारत ने ब्रिटेन में ग्लासगो में यूएनएफसीसीसी सदस्यों के सम्मेलन-सीओपी 26 में दुनिया को पांच अमृत तत्व (पंचामृत) का प्रस्ताव रखकर जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध अपनी कार्रवाई को तेज करने की मंशा जताई थी। भारत की राष्ट्रीय स्तर पर तय की गयी यह नयी प्रतिबद्धता ग्लास्गो में घोषित'पंचामृत'के अनुरूप है जिसमें भारत के जलवायु परिवर्तन संबंधी लक्ष्यों को ऊंचा किया गया है। सरकार का कहना है कि भारत की प्रतिबद्धताओं का यह अद्यतन संस्करण भारत के 2070 तक नेट-शुद्ध रूप से शून्य उत्सर्जन के के दीर्घकालिक लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में भी एक कदम है।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी का खुलासा

# जम्मू-कश्मीर में बिटकॉइन से हो रही आतंकी फंडिंग

**श्रीनगर के काउंटर इंटेलीजेंस पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले की जांच के संबंध में कार्रवाई की गई।**



**श्रीनगर ■ एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने बुधवार को केन्द्र शासित प्रदेश में आतंकवाद के लिए बिटकॉइन व्यापार के माध्यम से पैसा उपलब्ध कराने के संबंध में सात स्थानों पर छापेमारी की।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के कई स्थानों पर तलाशी ली गई और संदिग्धों के मेंढर, पुंछ, बारामूला, कुपवाड़ा और हंदवाड़ा घरों पर तलाशी ली गई। यह कार्रवाई श्रीनगर के काउंटर इंटेलीजेंस पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले की जांच के संबंध में की गई। मामला बिटकॉइन व्यापार के जरिए आतंकवादियों को फंडिंग से जुड़ा है। पुलिस ने कहा कि इसमें पाकिस्तानी मास्टरमाइंड की पहचान की गई है। प्रवक्ता ने कहा कि शुरूआती चरण में जिन विवरणों की जांच की जा रही है, उनमें पाकिस्तान का एक मास्टरमाइंड शामिल है, जो पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के सक्रिय समर्थन के साथ जम्मू-कश्मीर में बड़े पैमाने पर हिंसा और आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है।

उसके बारे में जानकारी को गोपनीय रखा जा रहा है। प्रवक्ता के अनुसार जिन घरों की तलाशी ली गई उनसे मिले सबूतों से यह पता चला है कि पाकिस्तान से आने वाला पैसा इन लोगों तक पहुंच गया है।

उन्होंने कहा कि कई खातों का इस्तेमाल इस पैसे को जमा करने के लिए किया गया है जो जम्मू-कश्मीर के बाहर हैं। उन्होंने कहा कि तलाशी के दौरान, डिजिटल उपकरण, सिम कार्ड, मोबाइल फोन और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई हैं।

### जम्मू-कश्मीर में एसआईए ने सात ठिकानों पर छापेमारी की

जम्मू कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने बुधवार को केन्द्र शासित प्रदेश में आतंकवाद के वित्त पोषण के सिलसिले में सात ठिकानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एसआईए ने बारामूला, कुपवाडा और पुंछ जिलों के विभिन्न ठिकानों में छोपेमारी की है। एसआईए का गठन केन्द्र शासित सरकार ने पिछले नवंबर में आतंकवाद से संबंधित मामलों की जांच और अभियोजन के लिए किया था। एसआईए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय करने के लिए आतंकवाद से संबंधित मामलों की त्वरित और प्रभावी जांच और अभियोजन के लिए आवश्यक उपाय करने' के लिए एक नोडल एजेंसी भी है।

### चीन के युद्धपोत के हम्बनटोटा बंदरगाह जाने का मामला उठा

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। चीन के एक युद्धपोत के हम्बनटोटा बंदरगाह जाने को देश की सुरक्षा तथा हितों के खिलाफ करार देते हुए राज्यसभा में सरकार से इस मामले को श्रीलंका सरकार के साथ उठाने तथा देश के हितों की सुरक्षा करने की मांग की गई।

एमडीएमके के वाइको ने बुधवार को शून्यकाल के दौरान यह मामला उठाते हुए कहा कि श्रीलंका ने चीन के एक युद्धपोत को हम्बनटोटा बंदरगाह जाने की अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि इससे भारत की राष्ट्रीय और तटीय सुरक्षा प्रभावित हो सकती है, क्योंकि यह साधारण युद्धपोत नहीं है और हथियारों से लैस होने के साथ-साथ यह एक टोही पोत है, जो अनुसंधान का भी काम कर सकता है। भारत ने श्रीलंका को 40 लाख डॉलर की मदद दी है और इसके अलावा भी मदद दिये जाने की प्रक्रिया चल रही है।

**राज्यसभा में चिंता**

केंद्र सरकार को श्रीलंका के साथ इस मुद्द को राजनयिक स्तर पर उठाकर देश के हितों की रक्षा करनी चाहिए। सभापति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि यह महत्वपूर्ण और गंभीर मामला है। भाकपा के विनय विश्वम ने प्रधानमंत्री पोषण योजना का लाभ लेने के लिए आधार संख्या को जरूरी बनाए जाने का मुद्दा उठाया।

### बंगाल सीआईडी ने दिल्ली पुलिस पर ड्यूटी में बाधा डालने का लगाया आरोप

**नई दिल्र्ली, (एजेंसी)**। पश्चिम बंगाल अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने बुधवार को दिल्ली पुलिस पर राष्ट्रीय राजधानी में वैध तलाशी अभियान चलाने से रोकने का आरोप लगाया। सूत्रों ने कहा कि बुधवार सुबह पश्चिम बंगाल की एक सीआईडी टीम को दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर राष्ट्रीय राजधानी में एक आरोपी के स्थान की तलाशी और छापेमारी करने से रोक दिया था। सीआईडी ने कहा कि वे तलाशी अभियान को अंजाम देने के लिए दिल्ली गए थे लेकिन उन्हें अपनी ड्यूटी करने से रोक दिया गया। बंगाल सीआईडी ने एक ट्वीट में लिखा, पंचला थाना मामला संख्या 276/22 की जांच के क्रम में सीआईडी की एक टीम, जो एलडी कोर्ट द्वारा जारी सर्च वारंट को निष्पादित करने के लिए दिल्ली गई थी, को दक्षिण पश्चिम के पुलिस उपायुक्त के निर्देश पर उसकी वैध ड्यूटी करने से रोक दिया गया है। दिल्ली के पुलिस आयुक्त से व्यक्तिगत हस्तक्षेप का अनुरोध किया जाता है।

### कंसास में गर्भपात समर्थक समूहों के लिए बड़ी जीत

**वाशिंगटन, (एजेंसी)**। अमेरिका के रूढ़िवादी राज्य कंसास ने गर्भपात के अधिकारों की रक्षा के लिए एक जनमत संग्रह में एक आश्चर्यजनक कदम उठाया है जो कि गर्भपात समर्थक समूहों के लिए एक बड़ी जीत है। बीबीसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। मतदाताओं ने भारी उत्साह के साथ मतदान किया कि वे राज्य के संविधान में संशोधन नहीं करना चाहते हैं ताकि यह दावा किया जा सके कि गर्भपात का कोई अधिकार नहीं है।

### ट्रेन चेन पुलिंग करने वालों पर एक्शन

**प्रयागराज, (ब्यूरो)**। प्रयागराज मंडल सभी रेल उपयोगकर्ताओं के लिए बेहतर यात्री सुविधाओं को उपलब्ध कराने के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है। इन्ही प्रयासों के क्रम में प्रयागराज मंडल के वाणिज्य एवं रेलवे सुरक्षा बल द्वारा अनाधिकृत वेंडिंग तथा बिना उचित कारण के अलार्म चेन खीचने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्रयागराज मंडल के रेलवे स्टेशनों में चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों में 1 जुलाई से 02 अगस्त के मध्य प्रयागराज मण्डल में अनधिकृत वेंडरों तथा बिना उचित कारण के चेन खीचने वाले 217 लोगो पर हुई कार्रवाई में 1,88,820/- रुपए वसूला गया।

**यात्रियों से 1,88,820 रु. जुर्माना वसूला**

### भारत की पहली यूएन महिला राजदूत रुचिरा ने संभाला काम



**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)**। संयुक्त राष्ट्र में भारत की पहली महिला स्थायी प्रतिनिधि के रूप में कार्यभार संभालने वाली राजदूत रुचिरा कंबोज ने कहा कि वह एक ऐसे रचनात्मक कार्यकाल की कामना कर रही हैं, जो देश के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बाकी बचे कार्यकाल में और उसके बाद भी भारत की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को बहुपक्षीय ढांचे का रूप दे पाए। कंबोज (58) ने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस को मंगलवार को अपना परिचय पत्र सौंपा था।

रुचिरा 1987 बैच की भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी हैं और भूटान में भारत की राजदूत के रूप में सेवाएं दे चुकी हैं। उन्हें जून में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भारत की स्थायी प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने राजदूत टीएस तिरुमूर्ति की जगह ली है।

कंबोज ने ऐसे समय में पदभार ग्रहण किया है, जब 15 सदस्यीय यूएनएससी में भारत का अस्थायी सदस्य के रूप में दो साल का कार्यकाल इस साल दिसंबर में समाप्त होने वाला है।

## आतंकवाद के उन्मूलन तक केंद्र की कार्रवाई जारी रहेगी



**नई दिल्ली, (एजेंसी)**। देश में आतंकवादी गतिविधियों के उन्मूलन के लिए आतंकवाद निरोधक कानून ( यूएपीए) में अब तक चार बार संशोधन किया जा चुका है और आतंकवाद के मामले में धर्म के आधार पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी। श्री राय ने कहा कि इस कानून के तहत किसी निर्दोष व्यक्ति के विरूद्ध कार्रवाई नहीं हो इसलिए ही इस कानून में अब तक चार बार संशोधन हो चुका है और जरूरत पड़ने पर संशोधन किया जाएगा। यह कानून आंतकवाद पर रोकथाम के लिए नहीं बल्कि उन्मूलन के लिए है और मोदी सरकार आतंकवाद से निपटने में कोई कौताही नहीं बरत रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश में आंतकवाद के उन्मूलन को लेकर स्पष्ट है और इससे किसी तरह का समझौता नहीं किया जायेगा।

### पार्थ और अर्पिता की ईडी हिरासत दो दिन और बढ़ी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)**। पश्चिम बंगाल एसएससी भर्ती घोटाला में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी निकट सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को दो दिन की ईडी की कस्टडी में भेज दिया है. इन दो दिनों में ईडी पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी से पूछताछ करेगी। इससे पहले ईडी ने कोर्ट से कहा था कि पार्थ चटर्जी जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

कथित शिक्षक भर्ती घोटाले में इडी के ज्यादातर सवालों का जवाब उन्होंने नहीं दिया। वे ज्यादातर वक्त चुप रहते हैं। पार्थ चटर्जी ने कुछ दिन पहले बताया था कि वे साजिश के शिकार हुए हैं। कोर्ट ने पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी को 5 अगस्त तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है। पार्थ चटर्जी को शिक्षक भर्ती घोटाला में 23 अगस्त को गिरफ्तार किया गया थाद्ध उसके बाद अर्पिता मुखर्जी के फ्लैट से करोड़ों रुपए जब्त किए गए थे।

**मानसून सत्र**

**वर्ष 2024 से पहले देश में 26 ग्रीन एक्सप्रेस हाईवे शुरू किए जाएंगे**

# उपग्रह आधारित टोल वसूली की तैयारी: गडकरी

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



देश में उपग्रह आधारित वाहन के नंबर प्लेट के माध्यम से टोल वसूली की प्रक्रिया शुरू किये जाने की तैयारी हो रही है और वर्ष 2024 से पहले देश में 26 ग्रीन एक्सप्रेस हाईवे शुरू कर दिये जाएंगे जिससे सड़क के मामले में भारत अमेरिका से पीछे नहीं रहेगा।


केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी देते हुए कहा कि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से टोल वसूली के सुधार की पूरी गुंजाइश है। इससे कोई व्यक्ति न तो टोल की चोरी कर सकता है और न ही कोई बच सकता है।

उन्होंने कहा कि अब तक टोल नहीं देने पर सजा का प्रावधान नहीं है। इसके मद्दे्नजर इस नई प्रौद्योगिकी को क्रियान्वित करने के लिए संसद में एक विधेयक लाने की प्रक्रिया जारी है। इसके बाद छह महीने के भीतर देश में यह व्यवस्था लागू करने की पूरी कोशिश की जा रही जिससे न तो टोल बनाने की जरूरत होगी और न ही कोई व्यक्ति बगैर टोल दिये जा सकेगा। इससे बचने की कोशिश करने वालों को सजा का प्रावधान किया जाएगा।

### राज्यसभा में पहली बार चला शून्यकाल

**राज्यसभा** में पिछले दो सप्ताह से भी अधिक समय से चले आ रहे हंगामे के बाद मानसून सत्र में बुधवार को पहली बार शून्यकाल की कार्यवाही सुचारू ढंग से चली और सदस्यों ने इस दौरान जनहित तथा देशहित से जुड़े सवाल पूछे तथा मुद्दों को उठाया। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच विभिन्न मुद्दों को लेकर पैदा हुए गतिरोध के कारण पिछले 12 दिनों में एक दिन भी शून्यकाल की कार्यवाही नहीं हो सकी थी और हंगामे के कारण हर रोज कार्यवाही स्थगित करनी पड़ रही थी। बुधवार को भी विपक्ष के अनेक सदस्यों ने नियम 267 के तहत कार्यस्थगन के प्रस्ताव का नोटिस देकर सरकारी एजेन्सियों के दुरुपयोग तथा अन्य मुद्दों को उठाने की कोशिश की लेकिन सभापति ने कहा कि उन्होंने इन नोटिसों को स्वीकार नहीं किया है। उन्होंने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी को उनके विषय का उल्लेख करने का मौका देते हुए कहा कि वह केवल विषय का जिक्र कर सकते हैं इस पर चर्चा नहीं कर सकते क्योंकि अभी शून्यकाल की कार्यवाही का समय है। उन्होंने कहा कि इस सत्र में हंगामे के कारण बहुत समय बर्बाद हो चुका है और 280 मुद्दे शून्यकाल के तहत नहीं उठाये जा सके। श्री खड़गे ने कहा कि सरकार केन्द्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर विरोधियों के खिलाफ अभियान चला रही है।

## डीएम खत्री की अध्यक्षता में बैठक आयोजित




**प्रयागराज, (ब्यूरो)**। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में 'स्वतंत्रता दिवस' को गौरवपूर्ण ढंग से मनाए जाने की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने नगर निगम को विभिन्न चैराहों, सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित महापुरूषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्तियों की साफ-सफाई एवं आस-पास में चूने का छिड़काव कराए के लिए कहा है।

उन्होंने इन स्थलों पर 13 अगस्त से ही लाइटिंग की व्यवस्था किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने सीएमओ को सभी अस्पतालों में भी लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा। स्कूलों में 11 अगस्त से ही बड़े कार्यक्रम कराए जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने 11 अगस्त से ही सभी कार्यालयों में लाइटिंग की व्यवस्था किए जाने एवं अमृत सरोवरों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने हेतु बीडीओ को निर्देशित किया। उन्होंने साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु नगर निगम एवं जिलापंचायत अधिकारी को निर्देशित किया है। आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 11 अगस्त से 17 अगस्त, 2022 तक आयोजित 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बंध में बैठक की।